■ फाल्गुन शुक्ल - 1 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 225 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 11-03-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 प्रधानमंत्री ने 'भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति' को ध्वस्त किया : नकवी

6 मानव तस्करी के जाल में फंसते युवा

7 तलाक को लेकर खुलकर बोली मलाइका, हरेक का अलग नजरिया








| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,119.39 (+33.40) | 22,493.55 (+19.50) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,606 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 77,000 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बिकाऊ नेता

जिनको जनता ने चुना कभी,
जारी है उनकी भी खरीद।
निज दल उनको अब रिझा रहे,
पर दल के ना होवें मुरीद।
अवसरवादी नेताओं की,
बिन चन्द्र रही हर वक्त ईद।
पद पैसा मिलने पर करते,
जनमत के आगे सदा लीद।।

## भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा : गोयल

### सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का भारत में स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और



अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी।

गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है, और अंतर-मंत्रालयी परामर्श तथा हितधारकों के साथ बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि यूरोप, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और दुनियाभर के संभावित निवेशकों के साथ भी संवाद चल रहा है।

भारत में मोटर वाहनों पर उच्च शुल्क लागू है, जिसका मकसद घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। विदेशी कार विनिर्माताओं के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है।

## 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने के लिए दौड़ रहा हूं : नरेन्द्र मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आजमगढ़ (उप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती विपक्षी दलों की सरकारों पर प्रहार करते हुए कहा, आज विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है और मैं 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने के लिए दौड़ रहा हूं तथा देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आजमगढ़ जिले के मंदूरी हवाई अड्डा परिसर में 34,700 करोड़ रुपए की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा, आज मैं



एक गारंटी देता हूं, यह कल का आजमगढ़ अब 'आजन्मगढ़' है, यह आजन्म गढ़ विकास का गढ़ रहेगा...आजन्म रहेगा, अनंतकाल तक विकास का गढ़ बना रहेगा, यह मोदी की गारंटी है।

मोदी ने अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर वादा पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा, पहले की सरकारों में बैठे लोग जनता की आंख में धूल झोंकने के लिए योजनाएं घोषित कर देते थे। कभी-कभी तो इनकी हिम्मत इतनी होती थी कि संसद में बैठकर रेलवे की नई-नई योजनाएं घोषित कर देते थे। बाद में कोई पूछने वाला नहीं। मैंने समीक्षा की तो पता चला कि 30-35 साल पहले घोषणाएं हुईं थीं। कभी चुनाव से पहले पत्थर गाड़ देते और फिर खो जाते। पत्थर भी खो जाते और नेता भी खो जाते। उन्होंने कहा, 2019 में मैं कोई भी योजना घोषित करता और शिलान्यास करता तो पहली सुर्खी यही बनती कि यह तो चुनाव है इसलिए हो रहा है। आज देश देख रहा है कि मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 2019 में जो शिलान्यास किए गए वो चुनाव के लिए नहीं किए और उनका उद्घाटन हो चुका है। आज विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है। 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं।




# ‘डबल इंजन’ सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रायपुर/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए ’महतारी वंदन’ योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य की ‘डबल इंजन’ सरकार (केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार) की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश में तीन करोड़ महिलाओं को ’लखपति दीदी’ बनाने का संकल्प लिया है। मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में ‘महतारी वंदन योजना’ का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया।

इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपए की मासिक सहायता दी जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से रिमोट दबाकर इस योजना की शुरुआत की और 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया। उन्होंने योजना की शुरुआत करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को मेरा प्रणाम..आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली ‘महतारी वंदन योजना’ को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपए देने का वादा किया गया था। भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की गई है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, माताओं-बहनों, मैं अभी काशी से बोल रहा हूं। कल रात बाबा विश्वनाथ की पूजा करते हुए सभी देशवासियों की भलाई के लिए प्रार्थना कर रहा था। आज बाबा विश्वनाथ की धरती से काशी की पवित्र नगरी से आप सबसे बात करने का अवसर मिला है..आज बाबा भोले की नगरी से आपके खातों में एक हजार रुपया पहुंच रहा है और आप तक सबसे बड़ी ताकत बाबा भोले का आशीर्वाद भी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में अब हर महीने बिना किसी परेशानी के यह पैसा आता रहेगा और वह इसकी गारंटी दे रहे हैं। उन्होंने कहा, जब माताएं-बहनें सशक्त होती हैं तो पूरा परिवार सशक्त होता है। इसलिए ‘डबल इंजन’ सरकार की प्राथमिकता हमारी माता बहनों का कल्याण है।

मोदी ने कहा कि आज परिवारों को पक्का घर मिल रहा है वह भी महिलाओं के नाम पर। उज्ज्वला का सस्ता गैस सिलेंडर मिल रहा है वह भी महिलाओं के नाम पर। 50 फीसदी से ज्यादा जन धन खाते भी हमारी माताओं-बहनों के नाम पर हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, 65 प्रतिशत से ज्यादा मुद्रा लोन भी महिलाओं ने लिया है खासकर नौजवान बेटियों ने। उन्होंने अपना काम शुरू किया। पिछले दस वर्षों में हमारी सरकार ने ’सेल्फ हेल्प ग्रुप’ के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं का जीवन बदला।

मोदी ने कहा, हमारी सरकार के प्रयासों से अब तक एक करोड़ से ज्यादा लखपति दीदी बन गई हैं। गांव गांव में इतनी बड़ी आर्थिक शक्ति बन गई है। इस सफलता को देखते हुए हमने बड़ी छलांग लगाने का फैसला किया। हमने अब संकल्प किया कि देश की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, हम ’नमो ड्रोन दीदी’ योजना पर भी काम करेंगे। सरकार बहनों को ड्रोन भी देगी, ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग भी देगी। इससे खेती विकसित होगी।

## चीता गामिनी ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता ’गामिनी’ ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने यह जानकारी दी।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने ’एक्स’ पर पोस्ट किया, पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है। जबकि द. अफ्रीका से लाए किसी चीता ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है। मंत्री ने कहा, सभी को



बधाई, विशेषकर वन अधिकारियों की टीम, पशु चिकित्सकों और अन्य कर्मियों को, जिन्होंने चीतों के लिए तनाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया, जिससे शावकों का जन्म हुआ। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों सहित देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर अब 26 हो गई है।

**गामिनी की विरासत आगे बढ़ी :** उसने शावकों को जन्म दिया। महत्वाकांक्षी चीता पुनः परिचय परियोजना के तहत 17 सितंबर 2022 को आठ नामीबियाई चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बाड़ों में छोड़ा गया था, जिनमें पांच मादा और तीन नर चीते थे।



## फास्ट ब्रीडर रिएक्टर दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्णः विशेषज्ञ

**नई दिल्ली/भाषा।** देश के शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों ने भारत के पहले प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में कोर लोडिंग शुरू होने का स्वागत करते हुए इसे दुनिया में अपनी तरह का एक अनूठा और देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वैश्विक परमाणु व्यवस्था में भारत को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनिल काकोदकर ने प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रौद्योगिकी के मामले में एक बड़ी प्रगति करार दिया। काकोदकर ने ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा, चीन का फास्ट ब्रीडर को लेकर एक छोटा कार्यक्रम है। जापान, फ्रांस, अमेरिका के पास यह (फास्ट ब्रीडर रिएक्टर) था, लेकिन परमाणु ऊर्जा को लेकर चिंता के कारण कई कार्यक्रम बंद कर दिए गए हैं।

## नागपुर में ‘महाशिवरात्रि’ में व्रत का खाना खाकर 50 से अधिक लोग बीमार

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में 50 से अधिक लोग ‘महाशिवरात्रि’ के दौरान व्रत का खाना खाकर बीमार पड़ गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। ये लोग जिले के कामठी और नागपुर शहर के कुछ इलाकों के रहने वाले हैं। इन लोगों ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर व्रत रखा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कामठी इलाके के कुछ लोगों ने व्रत के लिए बनाया गया ‘फलाहार’ दुकानों तथा सड़क किनारे की गुमटियों से खरीदा था और इसे खाने के बाद उन्हें पेट दर्द और मितली की शिकायत हुई।

धंतोली पुलिस थाने के अधिकारियों ने बताया कि शहर के गणेश नगर इलाके में शुक्रवार को सिंघाड़े के आटे से बनी ‘जलेबी’ (मिठाई) और अन्य खाद्य पदार्थ खाने के बाद एक परिवार के सात सदस्य बीमार हो गए। उन्होंने बताया कि इतवारी इलाके का एक कपड़ा व्यापारी शुक्रवार को एक धार्मिक स्थल से मिला ‘प्रसाद’ खाने के बाद बीमार पड़ गया। इसी प्रकार नागपुर के वर्धमान नगर इलाके का एक व्यक्ति शुक्रवार देर रात खाना खाने के बाद बीमार पड़ गया, वहीं राणा प्रताप नगर की एक बुजुर्ग महिला ‘कढ़ी’ खाने के बाद बीमार हो गई। उन्होंने बताया कि बीमार हुए लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया जिनमें से अधिकतक लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## मध्यस्थता वादियों की पहली पसंद न होना चिंता का विषय : न्यायमूर्ति संजीव खन्ना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने रविवार को कहा कि यह चिंता का विषय है कि मध्यस्थता भारत में वादियों की पहली पसंद नहीं है और पक्षकार अब भी अदालतों में मुकदमेबाजी को प्राथमिकता देते हैं। न्यायमूर्ति खन्ना दिल्ली उच्च न्यायालय में ‘दिल्ली मध्यस्थता सप्ताहांत’ (डीएडब्ल्यू) के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि ‘‘हमें 10 साल आगे देखना है और मध्यस्थता को पसंदीदा विकल्प बनाना है तो प्रणाली को विकसित करना होगा।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (डीआईएसी) के प्रमुख कार्यक्रम डीएडब्ल्यू में देश और दुनिया भर के विशेषज्ञों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और डक्सटन हिल चैंबर्स के मध्यस्थ वी.के. राजा ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में मौजूदा और पूर्व न्यायाधीशों के अलावा बार के सदस्यों की उपस्थिति रही।

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, जब हम संस्थागत मध्यस्थता के लिए भेजे जाने वाले मामलों की संख्या के संबंध में आंकड़ों पर नजर डालते हैं, तो तस्वीर बहुत धूमिल दिखती है। 2023 में, दिल्ली में सिविल अदालतों में लगभग 1,16,453 सिविल मामले दायर किए गए, जबकि दिल्ली उच्च न्यायालय में 4,243 मुकदमे दायर किए गए।



## प्रधानमंत्री मोदी ने ग्वालियर, जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में ग्वालियर और जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य मंत्री तथा नेता इस कार्यक्रम के लिए ग्वालियर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे।

इस अवसर पर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया के नाम पर नए हवाई अड्डे का उद्घाटन बदलते भारत के विकास का एक नया कीर्तिमान है।

सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में केवल चार हवाई अड्डे हैं



लेकिन आगामी दिनों में यह संख्या बढ़ाकर 10 करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जबलपुर में हवाई अड्डा टर्मिनल एक लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला है।

सिंधिया ने बताया कि रीवा, सतना और दतिया में जल्द ही नए हवाई अड्डे बनाए जाएंगे और इसके बाद उज्जैन, गुना तथा शिवपुरी में हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी मध्य प्रदेश में हर सप्ताह करीब 1,000 उड़ानों का संचालन किया जा रहा है जो पहले की 490 उड़ानों की संख्या से कहीं अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा कि भारत ने एक साथ 15 हवाई अड्डा टर्मिनल के उद्घाटन के साथ इतिहास रच दिया है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया और 14 अन्य हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का उद्घाटन या शिलान्यास कर इस दिन को भारतीय विमानन के इतिहास में हमेशा के लिए ऐतिहासिक बना दिया है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर हवाई अड्डे का निर्माण महज 16 महीनों में करके इसका उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इन विमानन परियोजनाओं ने यात्रियों की सुविधा में एक नया अध्याय जोड़ा है।

## लोकसभा चुनावः बीआरएस के चार, कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली/भाषा।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया और कहा कि जहां अन्य दलों के नेता अपने बेटे-बेटियों के भविष्य के लिए काम कर रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं।

## मोबाइल फोन विनिर्माण 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपए हुआः आईसीईए

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपए हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा, मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपए से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपए हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपए था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपए के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## हार्टफुलनेस के सहयोग से संस्कृति मंत्रालय करेगा सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम का आयोजन

### शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ क्रमशः 15 और 16 मार्च को शिरकत करेंगे

**हैदराबाद/दक्षिण भारत।** संस्कृति मंत्रालय (विशेष सेल) और हार्टफुलनेस 14 से 17 मार्च तक हार्टफुलनेस के मुख्यालय ’कान्हा शांति वनम’ में अनूठे आध्यात्मिक समागम का आयोजन करेंगे। इसे वैश्विक आध्यात्मिकता महोत्सव कहा गया है।

बताया गया कि यह सभी धर्मों और विश्वासों के आध्यात्मिक नेताओं को एक जगह लाएगा। इस संबंध में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्री किशन रेड्डी, चिन्ना जीयर स्वामी, विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन एक्सीलेंस के निदेशक बोधमयानंद, रेव्ह दाजी ने वैश्विक आध्यात्मिकता महोत्सव और इसके महत्त्व की घोषणा की। शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ क्रमशः 15 और 16 मार्च को शिरकत करेंगे।

इस सम्मेलन का विषय ’आंतरिक शांति से विश्व शांति’ है। इसका उद्देश्य अंतरधार्मिक संवाद और हर उम्र तथा जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को दैनिक जीवन में आध्यात्मिकता से जुड़ने में मदद करना है।

मंत्री किशन रेड्डी ने कहा, ’भारत संस्कृति, आध्यात्मिकता और जीवन शैली का प्रदर्शन करता है, जो दुनिया को प्रेरित कर रहा है। हम अपने आध्यात्मिक ज्ञान से दुनिया के सामने एक उदाहरण बनकर खड़े हैं और दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी बन गए हैं। हमारा देश कई धर्मों का जन्मस्थान है और हम जीवन में शांति और प्रकाश फैलाते हैं। हमारा दार्शनिक दृष्टिकोण बड़ा अनोखा है।’

वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव में, जो रेव्ह दाजी के मार्गदर्शन में दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र में आयोजित किया जाएगा, आध्यात्मिक गुरु विश्व शांति की दिशा में एक मंच पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और मोदी ने इस सम्मेलन का समर्थन करने का निर्णय लिया है। हमें सभी धार्मिक प्रमुखों सहित दुनिया में सभी के बीच प्रेम, शांति और एकजुटता लाने की जरूरत है।

## हरियाणा के जींद में किसानों का ‘रेल रोको’ आंदोलन बेअसर

**जींद (हरियाणा)/भाषा।** हरियाणा के जींद में किसानों का ’रेल रोको’ आंदोलन बेअसर रहा। आंदोलन के मद्देनजर यहां बरसोला रेलवे स्टेशन पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था लेकिन प्रदर्शन के लिए कोई किसान या फिर किसान नेता नहीं पहुंचा। किसान नेताओं ने रविवार दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक 4 घंटे के ’रेल रोको’ आंदोलन की घोषणा की थी, जिसके लिए बरसोला रेलवे स्टेशन को प्रदर्शन स्थल के रूप में चुना गया था। ’रेल रोको’ आंदोलन के मद्देनजर बरसोला स्टेशन पर भारी पुलिसबल तैनात किया लेकिन कोई किसान रेल पटरी पर नहीं आया और न ही किसानों की गतिविधियां हुईं।

## हम राजनीतिक चुनौतियों से नहीं डरतेः हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए अनुचित और अलोकतांत्रिक तरीके अपनाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि ‘‘हम राजनीतिक चुनौतियों से नहीं डरते।

विधानसभा क्षेत्र में 186 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करने के बाद सोलन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सुक्खू ने कहा, हम राजनीतिक चुनौतियों से डरते नहीं हैं। हम हर चुनौती का दृढ़ता से सामना करेंगे और 2032 तक आत्मनिर्भर हिमाचल के सपने को साकार करेंगे। एक बयान के मुताबिक, उन्होंने कहा कि कुछ लोग करदाताओं की मेहनत की गाढ़ी कमाई, और बुरी ताकत का इस्तेमाल लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार को गिराने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां हिमाचल प्रदेश सरकार का ध्यान पूरी तरह से राज्य को सतत विकास के पथ पर आगे ले जाने पर है, वहीं भाजपा ने सरकार को कमजोर करने के लिए अनुचित और अलोकतांत्रिक तरीके अपनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाकर सरकार भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने में सफल रही है और राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल नागरिकों के कल्याण और राज्य के समग्र विकास के लिए किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और सोलन के विधायक धनी राम शांडिल ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए की गई पहल का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार नवीन उपायों को अपनाकर ‘‘व्यवस्था परिवर्तन’’ ला रही है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश को प्रगति पथ पर अग्रसर बनाए रखने के लिए सतत एवं सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है।

## जम्मू कश्मीर के पुंछ में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, सात आईईडी बरामद

**जम्मू/भाषा।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक जंगल में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और सात आईईडी बरामद किए तथा एक वायरलेस सेट जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह ठिकाना सुरनकोट इलाके में दारा सांगला में एक गुफा के अंदर था। पुलिस और सेना के संयुक्त खोज दल ने इसका भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि ठिकाने से कंबल और कुछ अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इलाके में दो दशक पहले सक्रिय आतंकवादी इस ठिकाने का इस्तेमाल करते थे।

## कुरुक्षेत्र में केजरीवाल ने कहा-भगवान कृष्ण हमारे साथ हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी के साथ ‘धर्म’ है और लोगों से यह तय करने को कहा कि वे ‘धर्म’ के साथ हैं या ‘अधर्म’ के साथ।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों से इस सीट से आप के उम्मीदवार सुशील गुप्ता को वोट देने का आग्रह किया। आप और कांग्रेस गठजोड़ के तहत हरियाणा में लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। समझौते के तहत, आप राज्य की कुल




10 संसदीय सीट में से एकमात्र कुरुक्षेत्र सीट पर चुनाव लड़ेगी।

जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने ‘महाभारत’ का जिक्र किया और कहा कि कुरुक्षेत्र एक पवित्र भूमि है जहां धर्मयुद्ध लड़ा गया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ मौजूद आप संयोजक केजरीवाल ने कहा ‘कौरवों के पास सब कुछ होने के बावजूद’ पांडवों की जीत हुई थी। उन्होंने कहा, पांडवों के पास क्या था? भगवान श्री कृष्ण उनके साथ थे। केजरीवाल ने कहा, आज हमारे पास क्या है। हम बहुत छोटे हैं। भगवान श्री कृष्ण हमारे साथ हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, उनके पास सब कुछ है। उनके पास सभी शक्तियां हैं। उनके पास आईबी, सीबीआई, ईडी है।

केजरीवाल ने उपस्थित लोगों से कहा, हमारा धर्म हमारे साथ है। यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है और आपको यह तय करना होगा कि आप धर्म के साथ हैं या अधर्म के साथ। उन्होंने कहा कि भाजपा दावा कर रही है कि वह लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, वे खुलेआम कह रहे हैं कि उन्हें आपके वोट की जरूरत नहीं है। केजरीवाल ने कहा, मैं दिल्ली से हाथ जोड़कर आपसे वोट मांगने आया हूं। सुशील गुप्ता जी वोट मांगने के लिए घर-घर जा रहे हैं। हमें चुनाव जीतने के लिए आपके वोट की जरूरत है।

उद्घाटन — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में रविवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने डॉ. जे. जयललिता संगीत और ललित कला विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन वीडियो कान्फेंसिंग के माध्यम से हुआ।

# अन्नाद्रमुक ने राज्यपाल से 'मादक पदार्थ तस्कर' जाफर सादिक से जुड़े मामले में कार्रवाई का अनुरोध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी ने रविवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कथित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सरगना जाफर सादिक के सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) और राज्य पुलिस के साथ संबंधों की गहन जांच कराने का अनुरोध किया है। इस बीच, तमिलनाडु के कानून मंत्री और द्रमुक नेता एस. रघुपति ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी का सादिक से कोई संबंध नहीं है।



स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से संबद्ध 50 किलोग्राम 'स्यूडोएफेड्रिन' जब्त होने के मामले में नौ मार्च को सादिक को गिरफ्तार किया था। राज्यपाल से मुलाकात के बाद राजभवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, पलानीस्वामी ने दावा किया कि हाल ही में मादक पदार्थ तस्करी मामले में नाम सामने आने के कारण बर्खास्त किए जाने से पहले तक सादिक द्रमुक का पदाधिकारी व चेन्नई वेस्ट-एनआरआई विंग के उप-संगठक के पद पर था।

एनसीबी के एक अधिकारी के संवाददाता सम्मेलन का हवाला देते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सादिक ने अवैध तस्करी से अर्जित पैसों से फिल्म निर्माण में पैसा लगाया और आतिथ्य उद्योग में निवेश किया। नेता प्रतिपक्ष पलानीस्वामी ने कहा कि कि सादिक ने द्रमुक पदाधिकारियों को 'पैसा दिया' और पार्टी के एक नेता से जुड़े 'ट्रस्ट' को भी दान दिया। उन्होंने कहा कि सादिक ने एक फिल्म में पैसा लगाया था जिसका निर्देशन द्रमुक परिवार के एक प्रमुख व्यक्ति ने किया था। पलानीस्वामी ने कहा कि अन्नाद्रमुक के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रवि से सादिक के द्रमुक और पुलिस के साथ संबंधों की अधिकारियों से गहन जांच कराने का अनुरोध किया है। वहीं, द्रमुक ने सादिक को पार्टी या उसके नेताओं से जोड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक का वार उलटा पड़ गया क्योंकि सादिक को गिरफ्तार होने से पहले ही पार्टी से निकाल दिया गया था। उन्होंने कहा, द्रमुक का जाफर सादिक के साथ किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं है। राज्य के मंत्री और द्रमुक के नेता रघुपति ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने द्रमुक सरकार को बदनाम करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और सीबीआई का दुरुपयोग करने के बाद अब एनसीबी को लगाया है। सादिक के खिलाफ 2013 के एनसीबी मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने अन्नाद्रमुक पर निशाना साधा।

उन्होंने दावा किया, भाजपा की तमिलनाडु विधि इकाई के प्रमुख ने अदालत में सादिक का बचाव किया था। अन्नाद्रमुक सरकार (2011-21) ने जाफर सादिक को बचाया था। इस बीच, भाजपा ने द्रमुक(डीएमके) पर निशाना साधते हुए इसे ड्रग मार्केटिंग कषगम कहा। भाजपा नेता टॉम वडक्कन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के संबंध में सादिक की गिरफ्तारी के बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (डीएमके) अब ड्रग मार्केटिंग कषगम बन बई है।

## सीबी-सीआईडी ने लापता पूर्व डीजीपी राजेश दास का पता लगाने को विशेष टीम बनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस की अपराध शाखा-सीआईडी ने राज्य के लापता पूर्व डीजीपी राजेश दास का पता लगाने के लिए विशेष टीम का गठन किया है। दास को विल्लुपुरम जिला न्यायालय ने एक महिला पुलिस अधिकारी के यौन उत्पीड़न से संबंधित मामले में दोषी ठहराया था और तीन साल की सजा सुनाई थी।

जिला न्यायालय ने पुलिस को एक विशेष टीम गठित कर राजेश दास को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।पूर्व डीजीपी पिछले एक महीने से गिरफ्तारी से बच रहे हैं और पहले दिए गए पते पर वह उपलब्ध नहीं हो रहे हैं।

16 जून, 2023 को उन्हें पुलिस अधीक्षक रैंक की एक महिला पुलिस अधिकारी के उत्पीड़न से संबंधित मामले में विल्लुपुरम के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी।

दास ने विल्लुपुरम जिला न्यायालय और उसके बाद मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया था और कहा था कि उन्हें निष्पक्ष सुनवाई की उम्मीद नहीं है। मद्रास उच्च न्यायालय ने इस साल 9 जनवरी को उनकी अपील खारिज कर दी।

इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, लेकिन उसने भी दास द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका खारिज कर दी।

दस्तावेज सौंपे — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में रविवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने श्रीलंकाई प्रवासियों के लाभार्थियों को प्रत्यावर्तित ऋण बंधक दस्तावेज़ लौटाए।

## स्कूल के लिए सात करोड़ की जमीन दान करने वाली महिला को एक दिन में दिया पासपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मदुरै में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) ने हाल ही में एक सरकारी स्कूल के उन्नयन के लिए अपनी जमीन दान देने वाली पूरनम अम्मल उर्फ यू. आई अम्मल को महज एक दिन में नया पासपोर्ट जारी करके सम्मानित किया।

पूरनम अम्मल ने मदुरै ईस्ट पंचायत यूनियन गवर्नमेंट स्कूल के उन्नयन के लिए सात करोड़ रुपये की 1.52 एकड़ जमीन दान की थी और शिक्षा विभाग को भी जमीन दान में दी थी।

आरपीओ कार्यालय ने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर पूरनम अम्मल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। पासपोर्ट अधिकारी, वसंतन बी. और अन्य अधिकारियों ने एक स्कूल को हाई स्कूल में बदलने के लिए अतिरिक्त भवनों के निर्माण के लिए जमीन का इतना बड़ा टुकड़ा दान करने के लिए उनका अभिनंदन किया।

वसंतन बी. ने अपने भाषण में यह भी कहा कि उनका कार्य दूसरों के लिए भी परोपकारी कार्यों के लिए दान करने के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों ने कहा कि वे एक दिन में पासपोर्ट प्रदान करके उन्हें सम्मानित करेंगे और शुक्रवार को अपना आवेदन पत्र भरने के बाद शनिवार को उसे एक नया पासपोर्ट सौंप दिया गया। परोपकारी महिला ने अपनी बेटी जननी की याद में जमीन दान में दी थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उनके नेक काम के लिए गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उन्हें सम्मानित किया था।

पुरस्कार — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में रविवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रेशम उत्पादन विभाग की ओर से सर्वश्रेष्ठ रेशम बुनकरों और निर्माताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किया।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** प्रदेश के पुदुक्कोट्टई जिले के सात मछुआरों को रविवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के बाद श्रीलंकाई जल क्षेत्र में घुसपैठ करने के आरोप में नेदुनथीवु में गिरफ्तार किया गया। मछुआरे शनिवार सुबह जेगथापट्टिनम बंदरगाह से दो मशीनीकृत नावों से मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे।

तमिलनाडु के तटीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मछुआरों को उनकी नौकाओं के साथ कांकेसंतुरई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया है।गिरफ्तार मछुआरों की पहचान एस. कलियाप्पन (53), पी. अकिलन (18), पी. कोडी मारी (65), एस. शेख अब्दुल्ला (35), के. थंगराज (54), ए. जयारमन (40) और एस. सरवनन (24) के रूप में की गई है। तमिलनाडु मछुआरा कल्याण संघ के महासचिव एम.आर. मरियप्पन ने आईएएनएस से कहा, हमारे संकटों का कोई अंत नहीं दिख रहा है। मछुआरे समुद्र में जाने में सक्षम नहीं हैं। हम राज्य व केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि मछुआरे समुद्र में शांति से मछली पकड़ सके।





## मंदिर में हुई नीलामी में 35,000 रुपये में बिका एक नींबू

**इरोड।** तमिलनाडु में इरोड के एक गांव स्थित मंदिर में हुई नीलामी में एक नींबू 35,000 रुपये में बिका।

मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। परंपरा के अनुसार, इरोड से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शिवगिरि गांव के पास पझापूसियन मंदिर में महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान भगवान शिव को नींबू और फल सहित अन्य वस्तुएं चढ़ाई जाती हैं। बाद में इन वस्तुओं की नीलामी की जाती है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि नीलामी में कम से कम 15 श्रद्धालुओं ने भाग लिया और इरोड के एक श्रद्धालु को एक नींबू 35,000 रुपये में बेचा गया। मंदिर के पुजारी ने नीलाम किए गए नींबू को सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को सौंपा। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति सबसे ऊंची बोली लगाता है और नींबू प्राप्त करता है, उसे आने वाले वर्षों में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

# जुताई करने वाले बैलों को चारा अवश्य देना चाहिए : मुख्यमंत्री सिद्दरामैया

### क्या देवेगौड़ा भूल गए कि उन्होंने कहा है कि अगर मोदी प्रधानमंत्री बने तो वह देश छोड़ देंगे?



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


रविवार को होसकोटे में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, एवं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सरकारी योजनाओं का आदि लाभार्थियों को लाभ पहुंचाते हुए।

**बेंगलूरु।** मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने पूछा कि क्या देवेगौड़ा भूल गए हैं कि उन्होंने कहा था कि अगर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो वह देश छोड़ देंगे। वह कर्नाटक विधान परिषद के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में पुटन्ना की जीत के मद्देनजर रविवार को केंगेरी में आयोजित शिक्षक धन्यवाद सभा में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें बहुत हैरानी है कि पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने अब बीजेपी से हाथ मिला लिया है और मोदी की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाते हुए कि देवेगौड़ा ने एक बार कहा था कि वह अगले जन्म में मुस्लिम के रूप में पैदा होना चाहते हैं और हमेशा बीजेपी के खिलाफ रहे हैं। अब उन्होंने अपनी पार्टी के अस्तित्व के लिए खुद को बीजेपी के साथ जोड़ लिया है। आज देश की जनता आपकी तरह समझदार है। देश की जनता उनके बयानों की जांच और तुलना कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवेगौड़ा अपने परिवार के अस्तित्व के लिए राजनीतिक तौर पर चाहे जो भी फैसला लें, उन्हें लगता है कि लोग आंखें मूंद लें और उनका समर्थन करें। उन्होंने कहा, लेकिन अब ऐसी कोई स्थिति नहीं है। इससे पहले, जब मैं जनता दल एस में था, तो पुट्टन्ना को भरोसा था कि शिक्षक उनका समर्थन करेंगे और उन्होंने कहा था कि वह चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने 2002 में लोगों के आशीर्वाद से जीत हासिल की। तब से वह पांच बार जीत चुके हैं। उन्होंने लोगों की आवाज बनकर कुशलता से काम किया है और मुख्यमंत्री ने शिक्षक समुदाय की बुद्धिमत्ता के लिए सराहना व्यक्त की, जिन्होंने भाजपा से कांग्रेस में आने के बावजूद पुट्टन्ना का समर्थन किया।

**विश्वास है कि डी.के.सुरेश जीतेंगे :** कुमारस्वामी ने कहा था कि 'बीजेपी और जेडीएस का गठबंधन लोकसभा चुनाव को नई दिशा देगा। अब जनता को फैसला करना है. बेंगलूरु ग्रामीण से डीके सुरेश चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं। वह इस बार जरूर जीतेंगे।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'बीजेपी को नरेंद्र मोदी के नाम पर जीत का भरोसा है, लेकिन बीजेपी के पास लोगों के पास जाने का कोई कारण नहीं है।' कोई भी उन लोगों जितना मूर्ख नहीं है जो सोचते हैं कि वे नरेंद्र मोदी के नाम पर जीत जाएंगे मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी को लगता है कि वे नरेंद्र मोदी के नाम पर जीत जाएंगे। विधानसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी ने पूरे राज्य में मार्च किया, फिर भी हमें 136 सीटें मिलीं। भाजपा किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में कभी नहीं जीती जहां मोदी ने प्रचार किया। इसलिए जो लोग सोचते हैं कि वे नरेंद्र मोदी के नाम पर जीत जाएंगे, उनसे बड़ा मूर्ख कोई नहीं है।

**जुताई करने वाले बैलों को चारा खिलाना चाहिए :** 'जो लोग वादे पूरे करते हैं और काम करते हैं उन्हें वेतन मिलना चाहिए।' हल जोतने वाले बैलों को भोजन देना चाहिए और जो बैल हल नहीं जोतता, उसे भोजन नहीं देना चाहिए। उन्हें लगता है कि अगले लोकसभा चुनाव में वे 28 की 28 सीटें जीतेंगे। वर्ष 2023-24 में कर्नाटक से 4.30 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ है। लेकिन हमें सिर्फ 50,257 करोड़ रुपये ही वापस मिले।' यह बहुत अनुचित है। अगर यही हाल है तो राज्य का विकास कैसे होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'कर्नाटक के लोग सवाल कर रहे हैं कि कर वितरण में न्याय दिया जाना चाहिए।'

**देवगौड़ा की दोहरी नीति :** देवेगौड़ा अब नरेंद्र मोदी की तारीफ कर रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि उनका और नरेंद्र मोदी का अटूट रिश्ता है। मुझे आश्चर्य है कि उसका ऐसा हाल क्यों हो गया। वही देवेगौड़ा ने कहा था कि अगर नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने तो वह देश छोड़ देंगे। लेकिन अब वो खुद ही तारीफ कर रहे हैं। इस प्रकार वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि किसी देश का पूर्व प्रधानमंत्री ऐसा कहेगा।'

**शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा के लिए बैठक :** मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा के लिए वित्त विभाग के साथ शिक्षक प्रतिनिधियों की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया। रामोजीगौड़ा और श्रीनिवास शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पुट्टना की जीत में लोगों के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और इन दोनों की जीत के लिए भी इसी तरह के समर्थन की अपेक्षा की।

बेंगलूरु जल संकट

## मेरे घर में पानी नहीं है : शिवकुमार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को बेंगलूरु शहर में जल संकट का जिक्र करते हुए कहा कि उनके घर में भी पानी नहीं है।

शिवकुमार ने मीडियाकर्मियों से कहा कि मीडिया जल संकट दिखा रहा है। मैं इससे इनकार नहीं करता। बोरवेल सूख गए हैं। मेरे घर में भी पानी नहीं है। मेरे गांव और आसपास में पानी नहीं है। उन्होंने कहा कि बेंगलूरु ग्रामीण, रामानगर जिला भी जल संकट से जूझ रहा है। हम किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बाहर से पानी लाने की तैयारी कर रहे हैं। घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पानी का मूल्य हर किसी को पता होना चाहिए।

शिवकुमार ने कहा कि कावेरी पांचवें चरण की परियोजना के तहत मई के अंत तक बेंगलूरु के आसपास के 110 गांवों में पानी की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेंगलूरु के इतिहास में पहली बार टैंकरों को नियंत्रित और विनियमित किया गया है, जबकि टैंकर माफिया खत्म हो गया है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम पीने के पानी की आपूर्ति के मामले में बीडब्ल्यूएसएसबी कार्य योजना की भी जांच कर रहे हैं। नोडल अधिकारियों को पानी के स्रोतों की पहचान करने के लिए कहा गया है।


## बेंगलूरु में जल संकट के बीच उपचारित जल से भरी जाएंगी सूखी झीलें

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु में नगर निकाय प्राधिकारियों ने शहर में भूजल स्रोतों को फिर से भरने के लिए सूख चुकी झीलों में हर दिन 130 करोड़ लीटर उपचारित जल भरने का फैसला किया है। शहर में करीब 50 फीसदी बोरवेल पूरी तरह से सूख गए हैं।

बेंगलूरु में जल संकट से निपटने के उद्देश्य से नगर निकाय बेंगलूरु जल आपूर्ति व सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) परीक्षण के बाद जल आपूर्ति के लिए झीलों की तलहटी के समीप एक नवीन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर फिल्टर बोरवेल भी लगाएगा और जल संयंत्रों का निर्माण करेगा। बीडब्ल्यूएसएसबी के अध्यक्ष राम प्रसाथ मनोहर ने बताया कि यह कदम भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के साथ मिलकर उठाया गया है। इससे करीब 20-30 एमएलडी और पानी मिलने की संभावना है।

सिंचाई विभाग पहले ही कोटे झील के जल का शोधन कर देवनहल्ली में जल आपूर्ति कर रहा है जहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित है। अधिकारी ने बताया कि योजना के मुताबिक शुरुआत में बेलंदूर, वरथूर, नयंडहल्ली, हीरोहल्ली, अत्तूर और जक्कुर में झीलों को फिर से पानी से भरा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बेंगलूरु को 2,100 मेगालीटर प्रति दिन (एमएलडी) पेयजल की आवश्यकता है जिनमें से 1,450 एमएलडी पानी कावेरी नदी से आता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जुलाई तक के लिए जलाशयों में पर्याप्त पानी है। अधिकारियों ने बताया कि शहर को मार्च से मई तक 8000 मिलियन घन मीटर (टीएमसी) पानी की आवश्यकता है जबकि जलाशयों में केवल 34 टीएमसी पानी है।

उन्होंने बताया कि शहर की 650 एमएलडी की जल आपूर्ति बोरवेल के पानी से होती है। जिनमें वर्षा के अभाव, भूजल के गिरते स्तर और भूजल के दोहन के कारण 250 एमएलडी की कमी है। इस बीच, बीडब्ल्यूएसएसबी ने और जल आपूर्तिकर्ताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पानी के टैंकर मालिकों के लिए पंजीकरण की समयसीमा 15 मार्च तक बढ़ा दी है। अभी तक, 1,530 टैंकरों का पंजीकरण हुआ है।



# कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित कई नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए।

जयपुर में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा का दामन थामने वाले लाल चंद कटारिया और राजेंद्र यादव अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे थे।

कटारिया, पूर्व संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री भी रहे थे। भाजपा में शामिल होने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कटारिया ने कहा कि वह अपनी अंतरात्मा की आवाज पर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा किसानों, गरीबों और आम आदमी के दुख-दर्द को समझती है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ही थे, जिन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के मुद्दे को सुलझाने का काम किया। पूर्व कांग्रेस सरकार में अनुसूचित जाति (एससी) आयोग के अध्यक्ष रहे खिलाड़ी लाल बैरवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि वह उनसे (गहलोत) एससी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का अनुरोध करते रहे लेकिन उन्होंने हमेशा उनकी मांग को नजरअंदाज किया।

उन्होंने कहा, 'तत्कालीन मुख्यमंत्री एससी समुदाय के लोगों को अपना गुलाम मानते थे।' बैरवा कहा कि भाजपा, एससी समुदाय को प्रोत्साहित करती है। पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा राज्य की सभी 25 लोकसभा सीटें जीतेगी। कुछ वक्त पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग ने दोपहर के भोजन (मिड डे मील) में कथित धोखाधड़ी मामले में राजेंद्र यादव से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी।

उस समय यादव, अशोक गहलोत सरकार में मंत्री थे। वहीं रिछपाल मिर्धा, पूर्व कांग्रेस सांसद ज्योति मिर्धा के चाचा हैं। ज्योति मिर्धा 2023 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुई थीं और भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए नागौर सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

मिर्धा परिवार जाट बहुल नागौर और आसपास के इलाकों में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली माना जाता है। रिछपाल मिर्धा ने भाजपा में शामिल होने पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जाट समुदाय को आरक्षण दिया था जबकि मोदी सरकार ने किसान के बेटे जगदीप धनखड़ को भारत का उपराष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं देश में जाट समुदाय से तीन राज्यपाल भी हैं। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस ने हमें क्या दिया?

भाजपा से अलग होकर 'जनता सेना' नाम की पार्टी बनाने वाले पूर्व विधायक रणधीर सिंह भींडर ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। भींडर ने कहा कि वे कुछ कारणों से भाजपा से अलग हुए थे लेकिन 11 वर्षों के संघर्ष के दौरान उन्होंने कभी कांग्रेस का हाथ नहीं थामा और अब वह अपने परिवार में लौट आये हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस ने किसानों के नाम पर वोट मांगे लेकिन उन्हें धोखा दिया। उन्होंने कांग्रेस पर केंद्र में अपने शासन के दौरान भ्रष्टाचार और घोटाले करने का भी आरोप लगाया और कहा कि मोदी शासन के दौरान भारत ने प्रगति की है।

# कांस्टेबल की हत्या के मामले के मुख्य आरोपी की पहचान हुई, सरकार ने विशेष पैकेज की घोषणा की

**राज्य सरकार ने विशेष सहायता पैकेज की घोषणा की है जिसके तहत विभागीय परिलाभों सहित कुल 1.35 करोड़ रुपये कांस्टेबल के परिवार को मिलेंगे।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि कांस्टेबल की हत्या के मामले के मुख्य आरोपी की पहचान कर ली गई है। वहीं, राज्य सरकार ने विशेष सहायता पैकेज की घोषणा की है जिसके तहत विभागीय परिलाभों सहित कुल 1.35 करोड़ रुपये कांस्टेबल के परिवार को मिलेंगे।

सिरोही जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनिल कुमार ने बताया कि शुक्रवार को सिरोही के स्वरूपगंज थाना क्षेत्र के लौटाना गांव में महाशिवरात्रि के पर्व पर मन्दिर में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा था जिस दौरान दो पक्षों में झगड़ा हो गया और अज्ञात बदमाशों द्वारा किए गए हमले में कांस्टेबल निरंजन सिंह की मृत्यु हो गई। एक बयान के मुताबिक, उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस द्वारा सात-आठ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

उनके अनुसार, प्रवीण गरासिया नामक शख्स की पहचान मुख्य आरोपी के तौर पर हुई है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। मूल रूप से गोटन (नागौर) के रहने वाले पुलिस कांस्टेबल निरंजन सिंह तीन साल से स्वरूपगंज में पदस्थापित थे। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांस्टेबल निरंजन सिंह की मृत्यु पर शोक प्रकट करते हुए घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

मुख्यमंत्री ने कांस्टेबल निरंजन के एक आश्रित को सरकारी नौकरी सहित परिवार को विशेष आर्थिक सहायता पैकेज प्रदान करने की घोषणा की, जिसके तहत अन्य विभागीय परिलाभों सहित कुल 1.35 करोड़ रुपये मृतक कांस्टेबल के परिवार को प्राप्त होंगे।

बयान के अनुसार विशेष आर्थिक पैकेज में राज्य सरकार की ओर से मृतक आश्रित को उसके गृह जिले अथवा पदस्थापन क्षेत्र में एमआईजी श्रेणी का आवास, छात्रवृत्ति, बिजली कनेक्शन इत्यादि के लिए कुल 20 लाख रुपये की विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# कोटा में हाई टेंशन तार की चपेट में आये एक बच्चे की उपचार के दौरान मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर 'शिव बारात' के दौरान बिजली की तार की चपेट में आने से झुलसे एक बच्चे की रविवार सुबह जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सवाई मानसिंह अस्पताल की अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि 92 प्रतिशत तक झुलसे शगुन (12) का न्यू सर्जिकल गहन चिकित्सा इकाई में उपचार किया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि नाबालिग की हालात बहुत ज्यादा खराब थी और रविवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कोटा से पांच घायल बच्चों को बेहतर उपचार के लिये जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल स्थानांतरित किया गया था। हादसे में झुलसे चार अन्य बच्चे का उपचार गहन चिकित्सा इकाई में जारी है।

इससे पहले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर शनिवार को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती बच्चों से मिले और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को बच्चों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। खींवसर ने वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रदीप गुप्ता एवं डॉ. राकेश जैन को निर्देश दिया कि बच्चों के उपचार में किसी तरह की कोई कमी न रहे और उपचार व स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी बनाए रखी जाये। कोटा के सकतपुरा इलाके में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर 'शिव बारात' के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आने से 10 से16 साल के बच्चे झुलस गए थे। गंभीर रूप से झुलसे पांच बच्चों को इलाज के लिए जयपुर के एसएमएस अस्पताल भेजा गया था जबकि बाकी को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोटा पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि झुलसने के मामले में आयोजकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। कोटा के कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि आयोजकों की पहचान सकतपुरा क्षेत्र के बद्रीलाल, बाबूलाल और गोपाल के रूप में हुई है।

# बीजेएस ने उठाया जलस्रोतों के संरक्षण और संवर्धन का बीड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) ने राजस्थान के 17 जिलों में स्वयं के खर्चे पर जलस्रोतों के संरक्षण और संवर्धन का बीड़ा उठाया है। संगठन के राजस्थान जल संरक्षण प्रभारी राजकुमार बाफना तथा अजमेर चैप्टर अध्यक्ष राकेश बरमेचा ने बताया कि संगठन का जिला कलक्टर की सहमति के बाद जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ एम.ओ.यू. कर लिया गया है। उसके बाद जिला परिषद की ओर से जिले के विकास अधिकारियों को पत्र लिखकर उनके अधीनस्थ पानी की अत्यधिक समस्या वाले क्षेत्रों के जल स्रोतों को चयनित कर पांच दिवस में सूचित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि 'डिमांड' आते ही बीजेएस काम शुरू कर देगा ।

बाफना ने बताया कि वर्ष 2022 से ही संगठन इस दिशा में काम कर रहा है। भारत सरकार से देश में 100 जिले पूरे देश में आवंटित हैं। राजस्थान में भी अजमेर, जयपुर, बाड़मेर, बालोतरा, बूंदी, भरतपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, जालौर,जोधपुर, कोटा, पाली , राजसमंद, सांचौर, सिरोही , उदयपुर जिले में काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन गत वर्ष 12 जिलों में 36 जलाशयों में खुदाई का काम अपनी मशीनों के जरिए कर चुका है। सूखे जलाशयों से निकलने वाली मिट्टी किसानों को निःशुल्क देने का काम होता है। वे इस जल क्रांतियोजना के लिए सरकार से कोई पैसा नहीं लेते। उन्होंने बताया कि संगठन के पूना स्थित मुख्यालय पर वार रूम नियंत्रण कक्ष के रूप में स्थापित है , जहां दिन प्रतिदिन के आंकड़े दर्ज किये जाते है। महाराष्ट्र का वुलडाना , संगठन कार्य का महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने दोहराया कि 'जहां कोई नहीं पहुंचता, वहां बीजेएस पहुंचता है।' सभी रेकार्ड नीति आयोग के पोर्टल पर दर्ज होता है , जोकि आपदा प्रबंधन, जल शक्ति मिशन आदि से जुड़ा है।



# राम मंदिर के लिए लोगों को खानी पड़ी गोलियां, मोदी के शासनकाल में देश का कायापलट हुआ : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


बूंदी। कोटा-बूंदी से सांसद ओम बिरला ने रविवार को विपक्षी दलों की पिछली सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि राम मंदिर के लिए लोगों को गोलियां खानी पड़ीं और अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के लिए सात दशक से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर बूंदी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बिरला ने कहा कि देश में नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के 10 साल के शासनकाल में काफी बदलाव हुए हैं तथा अगले पांच साल में और परिवर्तन के लिए तैयार है।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला बूंदी शहर के खेल संकुल में सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने 5.50 करोड़ रुपये की लागत से बने स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया। बिरला ने कहा कि यह समय में देश धार्मिक व आध्यात्मिक पुनर्जागरण का है और भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल में विकसित देश बनेगा।

## उत्साहवर्धन



जयपुर में रविवार को विद्याधर नगर में आयोजित रक्तदान शिविर का उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने उदघाटन किया और 'मानवसेवा' हेतु महादान करने वाले रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया।



# सड़क हादसे में एक गर्भवती महिला सहित परिवार के चार लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नागौर। राजस्थान के नागौर जिले में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार मोड़ पर पलट कर वहां खड़े लोगों पर गिर गयी, जिससे आठ माह की गर्भवती महिला सहित परिवार के चार लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी बद्री प्रसाद मीणा ने बताया कि मृतकों की पहचान आठ माह की गर्भवती महिला सुमन (24), उसके पति छोटूराम (25), बेटा रोहित (दो) और उनकी देवरानी रेखा (24) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसा डेगाना थाना क्षेत्र में उस समय हुआ, जब बच्छवास रोड पर जाटों की ढाणी इलाके में बाइक खड़ी कर सभी लोग बस का इंतजार कर रहे थे कि तभी एक तेज रफ्तार कार मोड़ पर पलट गई और लुढ़क कर वहां खड़े लोगों पर आ गिरी। अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये और इस संबंध में फरार कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# दुर्लभ खनिज के ब्लॉकों की नीलामी : राजस्थान बना देश का अग्रणी प्रदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सरकार ने दुर्लभ महत्वपूर्ण खनिज के तीन ब्लॉकों की एक्सप्लोरेशन लाईसेंस के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया आरंभ कर राजस्थान देश में अग्रणी प्रदेश बन गया है। केन्द्र सरकार ने नियमों में संशोधन कर गत भोपाल में आयोजित राज्यों के खान मंत्रियों के सम्मेलन में गत 23 जनवरी को 20 खनिजों के ईएल ऑक्शन तैयारी के लिए राज्यों को ब्लॉक उपलब्ध कराए और इसी माह की एक मार्च को केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को मॉडल निविदा डॉक्यूमेंट भेजा गया।

राज्य में खान सचिव आनन्दी ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशन में खान विभाग ने केवल पांच दिन में आवश्यक तैयारी कर रेयर अर्थ एलिमेंट के दो और पोटाश के एक ब्लॉक के एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए गत छह मार्च को भारत सरकार के पोर्टल पर निविदा डॉक्यूमेंट जारी कर दिया। राजस्थान के साथ ही कर्नाटक ने भी एक ब्लॉक की ईएल ऑक्शन प्रक्रिया आरंभ की है। इससे पहले राजस्थान ने सोने की खान के एमएल एवं सीएल के लिए नीलामी आरंभ की है।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने एमएमडीआर एक्ट में 17 अगस्त को संशोधन कर महत्वपूर्ण एवं अधिक गहराई वाले 29 खनिजों के लिए नई ईएल नीति बनाई। श्रीमती आनन्दी ने बताया कि खनिज रेयर अर्थ एलीमेंन्ट के बाड़मेर एवं जोधपुर जिले के चाबा- नवातल्ला-पटौदी में 574 वर्ग किमी क्षेत्र में संकेत है वहीं जयपुर, नागौर एवं सीकर के रेनवाल-रायथल-कालाडेरा के 789.40 वर्ग किमी क्षेत्र में संकेत उपलब्ध है। हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, चूरू एवं बीकानेर में सरासर -पल्लू-धान्धूसर-हरदासवाली पोटाश के संकेत है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा तीनों ब्लॉकों के एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए छह मार्च को केंद्र सरकार के पोर्टल पर निविदा डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिया है। इच्छुक व्यक्ति भारत सरकार के एमएसटीसी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर 21 मार्च तक टेण्डर डॉक्यूमेंट खरीद सकते हैं। बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12 अप्रेल है और चाबार-नवातल्ला-पटौदी ब्लॉक के ईएल के लिए 29 अप्रेल, रेनवाल-रायथल-कालाडेरा ब्लॉक के ईएल के लिए 30 अप्रेल और पोटाश के सरासर -पल्लू- धान्धूसर -हरदासवाली ब्लॉक के लिए एक मई को बोली लगाई जा सकेगी। केन्द्र सरकार के नए प्रावधानों के अनुसार इन ब्लॉकों के ईएल के लिए रिवर्स आधार पर होगी।

# कर्नल राज्यवर्धन ने की स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की अपील

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। उद्योग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने को चिरायु हॉस्पिटल हाथोज, कालवाड़ रोड द्वारा आयोजित 21 किमी चिरायु हाफ मैराथन का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉक्टर्स समेत सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया।

कर्नल राज्यवर्धन ने स्वस्थ जीवन शैली के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह सभी से स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की अपील की। कहा, प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि विकसित भारत स्वस्थ और आत्मनिर्भर हो। जिसे सिद्ध करने हेतु विभिन्न योजनाओं के जरिए गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा यह बहुत अच्छी पहल है। हर व्यक्ति को कम से कम 15 से 20 मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए देना चाहिए। स्वास्थ्य किसी इंसान के जीवन में अहम भूमिका निभाती है। यदि व्यक्ति स्वस्थ है, तो हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता है।

# दीया कुमारी ने रामगढ़ बांध को पुनर्जीवित करने के प्रयास के अभियान का किया शुभारंभ

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर के रामगढ़ बांध को पुनर्जीवित करने के प्रयास के अभियान का रविवार को यहां शुभारंभ किया। श्रीमती दीया कुमारी ने सिटी पैलेस के चांदनी चौक से वाहन रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया और इस अभियान की शुरुआत की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ बांध को पुनर्जीवित करने के प्रयास ना केवल सराहनीय है बल्कि जयपुर की भविष्य की पानी की जरूरत के लिए भी जरूरी है।

# राजस्थान में पेट्रोल पंपों की हड़ताल मोदी की खोखली गारंटियों की असली सच्चाई : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राजस्थान में पेट्रोल पंपों की हड़ताल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खोखली गारंटियों की असली सच्चाई बताया है। गहलोत ने पेट्रोल पंप हड़ताल को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जनता को भ्रमित करने के लिए प्रधानमंत्री ने जनता से असत्य बोला कि चुनाव जीतते ही



राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने की गारंटी दी थी। उन्होंने कहा कि जनता ने उन पर भरोसा कर वोट दे दिया अब जनता को ना पेट्रोल-डीजल सस्ता मिल रहा है और ना ही कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पेट्रोल पंपों की हड़ताल से जनता और पंप डीलरों को असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार को पीएम की गारंटी के अंतर्गत अविलंब दाम कम करने की घोषणा करनी चाहिए। जनता अब इस झांसे में नहीं आएगी और लोकसभा चुनाव में भाजपा को यथोचित जवाब देगी।

# उप्र की पिछली सरकारों ने आजमगढ़ को अपराध, माफिया गतिविधियों का गढ़ बना दिया था : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आजमगढ़ (उप्र)/भाषा।** उप्रद के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य की पिछली सरकारों ने आजमगढ़ को अपराध और माफिया गतिविधियों का गढ़ बना दिया था। लेकिन अब विकास गतिविधियों से इसकी छवि बदल गई है। उन्होंने कहा, 7 साल पहले जो आजमगढ़ अपराध और माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज उसी आजमगढ़ में प्रधानमंत्री हजारों करोड़ रु. की परियोजनाओं की सौगात देने आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ जिले के मंदूरी हवाई अड्डा परिसर में 34,700 करोड़ रुपए की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व के कारण आजमगढ़ को पुरातन पहचान मिली है। योगी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, पहले आजमगढ़ के नाम पर लोग भयभीत होते थे, वहीं आजमगढ़ आज कला, शिक्षा, साहित्य और विकास के क्षेत्र में देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने आजमगढ़ में 10 वर्ष के अंदर न केवल सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने, बल्कि विकास-आधुनिक बुनियादी ढांचे और लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार भी जताया। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि 2024 में 'फिर एक बार-मोदी सरकार' की आवाज के साथ आजमगढ़, लालगंज और घोसी (तीनों लोकसभा क्षेत्र) भी जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 22 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के विकास की धुरी बन चुका है। इसने पूर्वी उप्र की अर्थव्यवस्था को नई पहचान देने का काम किया है और अब आजमगढ़वासी मात्र दो घंटे में लखनऊ पहुंच जाते हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा आजमगढ़ हवाई अड्डे का उद्घाटन होने जा रहा है और इसके साथ ही यहां हवाई सेवा भी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में इससे पहले मात्र दो हवाई अड्डे थे, आज उसी प्रदेश में नौ हवाई अड्डों का संचालन हो रहा है और पांच नए हवाई अड्डों की आज प्रधानमंत्री शुरुआत करने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि कई दशकों से मांग थी कि आजमगढ़ का अपना विश्वविद्यालय हो और महाराजा सुहेलदेव के नाम पर बने विश्वविद्यालय का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री करेंगे।







# छह दिनों में एक करोड़ से अधिक लोगों को मिला आयुष्मान भारत कार्ड

**पटना/भाषा।** बिहार सरकार ने दो मार्च को शुरू किए गए छह दिवसीय विशेष अभियान के दौरान 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (एबी पीएमजेएवाई) के तहत एक करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया, बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने एबी पीएमजेएवाई के तहत राज्य के सभी राशन कार्ड धारकों को हर साल पांच लाख रुपए तक मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, छह दिनों में (सुबह 11 बजे, 8 मार्च, 2024 तक) 1,03,95497 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी करना राज्य सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाले सभी राशन कार्ड धारकों को हर साल पांच किलो चावल और पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। वर्तमान में राज्य में लगभग 1.2 करोड़ लोग एबी पीएमजेएवाई की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे चौधरी ने कहा, अब एनएफएस अधिनियम के तहत लाभार्थी 1,03,95497 परिवारों को को भी आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है।



# प्रधानमंत्री ने 'भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति' को ध्वस्त किया : नकवी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कृष्णानगर (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** केंद्र में पिछली कांग्रेस सरकार के शासनकाल को देश में 'नीतिगत पंगुता का युग' करार देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति'' को ध्वस्त किया है। कांग्रेस, वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधते हुए नकवी ने कहा कि मोदी के समावेशी कार्यों के गणित ने सामंती परिवारों की 'केमिस्ट्री' को खराब कर दिया है।

पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर और बहरामपुर में भाजपा के चुनाव संबंधी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि वंशवादी सरकारों ने देश को 'नीतिगत पंगुता के युग' में धकेल दिया था। नकवी ने कहा, भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति की प्रथा को नष्ट कर मोदी 'सुशासन और समावेशी सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से सुधार और परिवर्तन' के एक वैश्विक ब्रांड बन गए हैं। उन्होंने दावा किया पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कुछ टीएमसी नेताओं द्वारा कथित रूप से गांववालों पर अत्याचार ममता बनर्जी सरकार के लिए 'नासूर' साबित होगा। उन्होंने कहा कि जनता आगामी आम चुनावों में ईवीएम के माध्यम से अत्याचारों के लिए जिम्मेदार लोगों को सबक सिखाएगी। नकवी ने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों को अहसास हो चुका है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की विकास परियोजनाओं ने उन्हें उतना ही फायदा पहुंचाया है, जितना किसी अन्य को। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय भी भाजपा के खिलाफ अपने 'बुखार' को अब 'उत्साह' में बदल रहा है।

# ममता संदेशखालि नहीं गईं, प्रधानमंत्री मोदी ने अत्याचारों का विरोध किया: शुभेंदु



**कोलकाता/भाषा।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में अपनी सभी चार हालिया रैलियों के दौरान, संदेशखालि की महिलाओं के खिलाफ अत्याचार पर विरोध जताया था जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वहां जाने की जरूरत तक महसूस नहीं की।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि जनता आगामी लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करेगी।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अधिकारी ने दावा किया कि पूरा देश संदेशखालि के लोगों के साथ है। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृष्णानगर, आरामबाग, बारासात और सिलीगुड़ी में अपनी सभी जनसभाओं के दौरान संदेशखालि की माताओं और बहनों पर हुए अत्याचार को लेकर विरोध प्रकट किया है।

अधिकारी ने दक्षिण अकरातला गांव में रैली को संबोधित करते हुए कहा, (संदेशखालि में) विरोध प्रदर्शन शुरू हुए दो महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वहां का दौरा करने जरूरत तक नहीं समझी। उन्होंने कहा कि केंद्र सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से देश भर में लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा है, वहीं तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रही।

# मोदी की जनसेवा से देश 'दिन दुगनी, रात चौगुनी' तरक्की कर रहा : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 'डबल इंजन' की सरकार की जनसेवा के परिणामस्वरूप लखनऊ के साथ-साथ पूरा देश 'दिन दूनी, रात चौगुनी' तरक्की कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजमगढ़ से 34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, जिसमें आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ के हवाई अड्डा तथा चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण शामिल है। लखनऊ में एक समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद और रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार की यही विशेषता रही है कि हमने मुश्किलों को अवसर में बदला। देश में एक तंत्र चला आ रहा था, जो आम आदमी को संपन्न वर्ग से दूर रखता था और हमने इस अंतर को पाट कर तंत्र को दूरने का काम किया। उन्होंने कहा, अगर मैं विमानन क्षेत्र में आधारभूत संरचना की बात करूं तो 2014 में देश में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे, वहीं आज उनकी संख्या दो गुनी से अधिक होकर 149 तक पहुंच गई है। सिंह ने कहा, माना जाता था कि हवाई अड्डे या हवाई यात्रा यह सब उच्च वर्ग के लिए है, आम आदमी इसमें सैर ही नहीं कर सकता। हवाई यात्रा, गरीब और अमीर के बीच एक खाई के रूप में काम करती थी। हमने उस खाई को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना 'उड़ान' के माध्यम से पाट दिया।




इंटरनेट की चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, पहले इंटरनेट तक सिर्फ अमीरों की पहुंच हुआ करती थी। किसी गरीब के पास इंटरनेट हो, हम यह कल्पना भी नहीं कर सकते थे। हमारी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि आज अमीर और गरीब सबके पास इंटरनेट सुविधा है।

सिंह ने कहा, पहले, जो गरीब बैंक नहीं जाते थे, हमने जनधन योजना के माध्यम से उन गरीबों को बैंकों से जोड़ा। हम खास बैंकिंग से आमजन बैंकिंग की ओर बढ़े। हमने इस देश के गरीबों को इस देश के उच्च वर्ग के बराबर लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा, मेरा सौभाग्य है कि मैं उस लखनऊ का सांसद हूं, जिसका प्रतिनिधित्व कभी अटल बिहारी वाजपेयी जी किया करते थे। लखनऊ का सांसद रहते हुए भगीरथ के रूप में उन्होंने इस क्षेत्र में विकास की जो गंगा बहाई थी, हमें उस विकासगंगा को और आगे ले जाने का अवसर मिल रहा है।

# असम में 1,700 करोड़ रुपए की परियोजनाएं मुख्यमंत्री ने शुरू कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को सोनितपुर और बक्सा जिलों में 50 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र समेत लगभग 1,700 करोड़ रुपए की विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की शुरुआत की।

इस मौके पर शर्मा ने कहा कि इससे पूरे क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य और ऊर्जा बुनियादी ढांचे में सुधार होगा। उन्होंने सोनितपुर में 1,370 करोड़ रुपए जबकि बक्सा में 308 करोड़ रुपए की विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं की शुरुआत की। शर्मा ने सोनितपुर में 300 करोड़ रुपए के 50 मेगावाट के सौर संयंत्र की नींव रखी। बारचल्ला में लगभग 864 बीघे (करीब 286 एकड़) क्षेत्र में यह संयंत्र स्थापित किया जाएगा। शर्मा ने कहा, इसके साथ, पिछले सात दिन में, असम में 130 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की शुरुआत की गई। राज्य को हरित ऊर्जा केंद्र बनाने के लिए, हमारा लक्ष्य 2028 तक 3,000 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन करना है।



# संविधान को 'फिर से लिखना, नष्ट करना' भाजपा और आरएसएस का कुटिल एजेंडा : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि संविधान को 'फिर से लिखना और नष्ट करना भाजपा व आरएसएस का एजेंडा है और पार्टी के सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने कहा है कि उनके दल को भारतीय संविधान बदलने के लिए 400 सीट जीतने की जरूरत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसद की कथित टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संघ परिवार के छिपे हुए इरादों की सार्वजनिक घोषणा है।

पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा सांसद का बयान तानाशाही थोपने के मोदी-आरएसएस के कुटिल एजेंडे को एक बार फिर उजागर करता है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मोदी सरकार, भाजपा और आरएसएस गुप्त रूप से तानाशाही लागू करना चाहते हैं, जिससे वे भारत के लोगों पर अपनी 'मनुवादी मानसिकता' थोपकर एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकार छीन लेंगे। खरगे ने आरोप लगाया, कोई चुनाव नहीं होगा, या ज्यादा से ज्यादा दिखावटी चुनाव हो जाया करेंगे। संस्थानों की स्वतंत्रता कम कर दी जाएगी। अभिव्यक्ति की आजादी पर बुलडोजर चलाया जाएगा। आरएसएस और भाजपा हमारे धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने और विविधता में एकता को नष्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'संघ परिवार' के इन गुप्त उद्देश्यों को सफल नहीं होने देगी।

# क्या सीईसी या मोदी सरकार से मतभेद के कारण गोयल ने इस्तीफा दिया?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अरुण गोयल के निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद, कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए, कुछ विपक्षी नेताओं ने इस बात पर हैरानी जताई कि क्या गोयल ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की तरह उसके (भाजपा के) टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, कल शाम निर्वाचन आयुक्त पद से अरुण गोयल का इस्तीफा तीन सवाल खड़े करता है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, क्या उन्होंने वास्तव में मुख्य निर्वाचन आयुक्त या मोदी सरकार के साथ मतभेदों के कारण इस्तीफा दिया। या फिर उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया। या उन्होंने, कुछ दिन पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह, भाजपा के टिकट पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि निर्वाचन आयोग आठ महीने से 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल दलों से मिलने से इनकार कर रहा है और हेरफेर को रोकने के लिए वीवीपैट बहुत जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी के भारत में हर गुजरता दिन लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अतिरिक्त आघात करता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हालांकि गोयल के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह देखने के लिए इंतजार करना होगा कि वह आने वाले दिनों में क्या करते हैं।



# बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए तृणमूल ने उम्मीदवार घोषित किए, 7 सांसदों के टिकट कटे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नए चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। तृणमूल कांग्रेस ने पुराने नेताओं और अगली पीढ़ी के नेताओं के बीच जारी कथित सत्ता संघर्ष के बीच अनुभवी नेताओं और नई प्रतिभा का सामंजस्य बनाए रखा।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। बसीरहाट लोकसभा सीट से पार्टी ने पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है और यहां से सांसद नुसरत जहां को टिकट नहीं मिला है। हाल ही में चर्चा में रहा संदेशखालि इसी लोकसभा क्षेत्र में स्थित है। पार्टी ने 23 सांसदों में से 16 पर भरोसा जताया है। तृणमूल कांग्रेस ने सात मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है जिनमें बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह भी शामिल हैं जो दो साल पहले भाजपा छोड़कर सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गए थे।

# लखनऊ में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान लोगों ने किया पथराव, कोई हताहत नहीं

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक इलाके में रविवार शाम अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन दल पर पथराव किया हालांकि घटना में कोई व्यक्ति या अधिकारी घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया, आज (रविवार) अकबर नगर में अतिक्रमण कर बनायी गई एक व्यावसायिक इमारत को ढहाने का काम किया जा रहा था। इसी बीच कुछ अफवाहों की वजह से स्थानीय लोगों ने पथराव कर दिया। हालांकि घटना में कोई घायल नहीं हुआ और हालात नियंत्रण में हैं। कुछ स्थानीय लोगों ने कहा कि मलबे के कारण उनके मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

# द्रविड़ ने युवा खिलाड़ियों से कहा, टेस्ट क्रिकेट मुश्किल है, सफलता के लिए एक दूसरे की जरूरत पड़ेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धर्मशाला/भाषा।** भारत की इंग्लैंड पर पांच मैच की शृंखला में 4-1 की यादगार जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में प्रेरणादायक भाषण देते हुए राहुल द्रविड़ ने युवा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट की मुश्किल डगर में फतह हासिल करने के लिए एकजुट बने रहने और एक इकाई के तौर पर खेलने की अहमियत बतायी। हैदराबाद में पहले टेस्ट में हारने के बाद मेजबान टीम ने शानदार वापसी करते हुए अगले चार मैच जीतकर शृंखला कब्जायी।

द्रविड़ ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, इस तरह शृंखला को जीतना होता है और यह मुश्किल है। कभी कभार टेस्ट क्रिकेट मुश्किल होता है। यह आपके कौशल के मामले में, शारीरिक रूप से और मानसिक रूप से भी मुश्किल होता है जैसा कि आपने देखा ही है।

द्रविड़ ने कहा, लेकिन अंत में यह बहुत संतोषजनक होता है। आपको शृंखला जीतने के बाद जो संतुष्टि मिलती है, मुझे लगता है कि यह अभूतपूर्व होती है। जैसे इस शृंखला में एक मैच में हार से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-1 से जीतना, कितना संतोषजनक है।



वहीं विराट कोहली और मोहम्मद शमी और केएल राहुल जैसे अहम खिलाड़ी शृंखला के दौरान अनुपलब्ध रहे। टीम को शृंखला में कुछ युवा खिलाड़ी मिले जिन्होंने शानदार खेल दिखाया। इस शृंखला में भारत के पांच खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, देवदत्त पडीक्कल, सरफराज खान और आकाश दीप ने पदार्पण किया।

जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा भी एक एक मैच में नहीं खेले।

पर भारतीय कोच युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन करने से काफी खुश थे। उन्होंने कहा, आप युवा खिलाड़ियों में ज्यादातर सभी को सफलता हासिल करने के लिए एक दूसरे की जरूरत होगी। भले ही आप बल्लेबाज हो या गेंदबाज, आपकी सफलता दूसरे खिलाड़ी की सफलता से जुड़ी होगी। उन्होंने कहा, आप सभी एक दूसरे की सफलता में भूमिका निभाओगे। आगे यह बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह सिर्फ आपकी सफलता के बारे में नहीं है बल्कि आप किस तरह अन्य खिलाड़ियों को सफलता हासिल करने में मदद करते हो क्योंकि बदले में वो भी आपकी सफलता में मदद करेंगे।

# बजरंग पूनिया, रवि दहिया पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सोनीपत (हरियाणा)/भाषा।** टोक्यो ओलंपिक खेलों के पदक विजेता बजरंग पूनिया और रवि दहिया रविवार को यहां राष्ट्रीय टीम के लिए चयन ट्रायल में अपने वजन वर्ग के मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की अगुआई करने वाले पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित कुमार से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर (3-3) के खिलाफ मुश्किल से जीत दर्ज करने में कामयाब हुए थे।

अगर रविंदर ने मुकाबले में चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही मुकाबले में बाहर हो गए होते। सेमीफाइनल में हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र से चले गए।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की लेकिन वह तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले के लिए भी नहीं रूके। पूनिया ने ट्रायल्स की तैयारी के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के तदर्थ पैनल द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं।

## सुविचार

**जिंदगी ने पूछा सपना क्या होता है, हकीकत बोली बंद आँखो में जो अपना होता है, खुली आँखो में वही सपना होता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# खोदी पहाड़ी, निकले शहबाज-जरदारी

अगर पाकिस्तान के लिए एक नई कहावत गढ़नी हो तो वह होगी– 'खोदी पहाड़ी, निकले शहबाज–जरदारी!' इस पड़ोसी देश के लोग तो यह उम्मीद कर रहे थे कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के चुनावों से ऐसे चेहरे सामने आएंगे, जो मुल्क का बेड़ा पार लगाएंगे, लेकिन जो चेहरे सामने आए हैं, वे तो बेड़ा गर्क करने वाले हैं। बल्कि यह कहना चाहिए कि वे अतीत में भी बेड़ा गर्क कर चुके हैं। लिहाजा उनसे सुनहरे भविष्य की तो कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। पाकिस्तान के 'आकाश' पर इन दोनों नेताओं का उदय ऐसे क्रूर ग्रहों के तौर पर हुआ है, जिन्हें जब मौका मिलेगा, आम आदमी के भाग्य में 'दुर्दशा' ही लाएंगे। शहबाज शरीफ पूर्व में जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने अर्थव्यवस्था तबाह कर दी थी। लोग आज भी उनका इसी बात को लेकर जिक्र करते हैं कि इमरान खान के राज में कोई व्यक्ति एक रोटी खाकर सोता था तो शहबाज के राज में वह भी छिन गई थी। रहे आसिफ अली जरदारी, तो ये जनाब पाकिस्तान के सबसे घाघ नेता के तौर पर जाने जाते हैं। इनकी रंगीन–मिज़ाजी के किस्से बड़े मशहूर हैं। और ईमानदारी के तो क्या ही कहने! ये 'मिस्टर टेन परसेंट' कहलाते हैं। इनकी करामात देखनी हो तो सिंध के गांवों–शहरों में देखनी चाहिए। वहां वर्षों पीपीपी के सत्ता में रहने के बावजूद सर्वत्र बंटाधार हुआ है। विकास का कहीं नामो–निशान नहीं है। सिंध के कई इलाके तो ऐसे हैं, जो आज भी सत्तर के दशक से बाहर नहीं निकले हैं। उनके लिए भुट्टो 'आज भी ज़िंदा' है।

पाकिस्तान के 'नए नेतृत्व' का कई मुसीबतें इंतजार कर रही हैं। इस समय पाक की अर्थव्यवस्था तबाह हो चुकी है, एक–एक अरब डॉलर के लिए मिन्नतें करनी पड़ रही हैं, महंगाई आसमान छू रही है, आतंकवादी संगठन अपनी जड़ें जमा रहे हैं और असहिष्णुता की स्थिति तो यह है कि मामूली–सी बात पर सैकड़ों की तादाद में लोग जान लेने को आमादा हो जाते हैं। ऐसे में शहबाज–जरदारी के पास जादू की कौनसी छड़ी है, जिससे ये पाकिस्तान के हालात ठीक कर देंगे? वास्तव में ये जीएचक्यू, रावलपिंडी (पाक फौज का मुख्यालय) के मोहरे हैं, जिन्हें एक बार फिर मौका दिया गया है। शहबाज शरीफ जिस तरह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं, वह अप्रत्याशित था। आम जनता तो इमरान खान का इंतजार कर रही थी। वह नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने पर भी संतोष कर लेती, लेकिन कुर्सी पर बैठे शहबाज, जिनकी न तो कोई करिश्माई छवि है और न ही उनके हिस्से में कोई ऐसे कारनामे हैं, जिनके आधार पर भविष्य को लेकर उम्मीदें रखी जाएं। यह तो शहबाज के भाग्य से छींका टूट गया कि उन्हें रावलपिंडी से आशीर्वाद मिला। अगर पीएमएल–एन उनके चेहरे को आगे रखकर चुनाव लड़ती तो कई सीटों का नुकसान होता। फौज इस बात से भलीभांति परिचित थी, इसलिए चुनाव के दौरान ऐसा माहौल बनाया गया, जिससे जनता में भ्रम फैला कि नवाज शरीफ एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं ... वे आएंगे और इमरान–शहबाज की ग़लतियों को ठीक कर देंगे। निस्संदेह नवाज के बारे में आज भी आम पाकिस्तानी की यह राय है कि वे भ्रष्ट तो हैं, लेकिन उन्हें देश चलाना आता है। वे न तो इमरान की तरह कोई उल्टा–सीधा 'प्रयोग' करते हैं और न शहबाज की तरह अयोग्यता का प्रदर्शन करते हैं। नवाज शरीफ जब भी सत्ता में रहे, पाकिस्तान में लोगों को रोटी मिलती रही। उनका कद कहीं ज्यादा न बढ़ जाए, इसलिए फौज ने उन्हें इस बार कुर्सी नहीं सौंपी। जिन 'दो मोहरों' पर दांव लगाया गया है, वे भी कृपापात्र बने रहने तक कुर्सी पर रहेंगे। जिस दिन ये मोहरे 'पिट' जाएंगे, किसी 'और' पर दांव लगाया जाएगा। पाकिस्तान की जनता अपने देश की फिक्र करे, क्योंकि 'बर्बाद गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफ़ी था। हर शाख़ पे उल्लू बैठा है, अंजाम–ए–गुलिस्तां क्या होगा?'

## ट्वीटर टॉक




विद्याधर नगर में गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान द्वारा आयोजित 17वें वैवाहिक युवक–युवती परिचय सम्मेलन में सम्मिलित हुई। ऐसा पुनीत आयोजन बेहतर रिश्ते जोड़ने में बड़ी भूमिका अदा करता है, जोड़ों को पूरे समाज का आशीर्वाद भी मिलता है।

**–दीया कुमारी**



पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश के परिवारजनों के जीवन को आसान बनाने के लिए हमारी सरकार दिन–रात काम रही है। आजमगढ़ में विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं।

**–नरेन्द्र मोदी**



बून्दी में अन्तरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हों, इसके लिए अत्याधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहे हैं। पर्यटक यहां दो–तीन दिन गुजारें, इसके लिए नए आकर्षण विकसित कर रहे हैं। भविष्य में बून्दी, पर्यटन और खेल के नक्शे पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगी।

**–ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# गुरुदेव की सफलता का राज

गांधी जी गुरुदेव के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने शांति–निकेतन आए हुए थे। गुरुदेव महीनों से अस्वस्थ से चल रहे थे। इसी दौरान, शांति निकेतन परिवार के लोगों ने गांधी जी से निवेदन किया कि वे गुरुदेव से कहें कि वे दिन में भोजन के पश्चात कुछ आराम अवश्य करें। गांधी जी गुरुदेव के निवास–स्थान गए। गांधी जी ने देखा कि गुरुदेव बाहर बरामदे में बैठे अपने कार्य में लगे हैं।

उन्होंने उलाहने के स्वर में कहा, 'आपको मेरी एक बात माननी ही पड़ेगी। दिन में, कम से कम एक घंटे पूर्ण आराम करना पड़ेगा।' गुरुदेव ने कहा, 'आपकी बात भला मैं कभी टाल सकता हूं? लेकिन मेरी भी एक बात सुन लीजिए। मैं जब 12 वर्ष का था, तब मेरा यज्ञोपवीत हुआ था। उस अवसर पर, मैंने प्रतिज्ञा की थी कि मैं कभी भी, किसी भी हालत में दिन में आराम नहीं करूंगा। मैंने आज तक इसे निभाया है।' गांधी जी चकित रह गये हुए कि बारहवें साल से आज तक मतलब 67 सालों में कभी भी गुरुदेव ने दिन में आराम नहीं किया! गांधी जी ने कहा, 'आपकी सफलता का भेद मुझे अब ज्ञात हुआ।'

## सामयिक

# मानव तस्करी के जाल में फंसते युवा

**अशोक भाटिया**
मोबाइल : 9221232130



हाल ही में सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीबीआई) ने मानव तस्करी से जुड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह नौकरी दिलाने के नाम पर भारतीयों को रूस–यूक्रेन युद्ध के क्षेत्र में ले जाते थे। जिसके बाद उन्हें रूस की तरफ से जंग लड़ने के लिए मजबूर किया जाता था। सीबीआई ने इस मामले को लेकर सात शहरों के 10 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया था। जानकारी के अनुसार सीबीआई ने कई वीजा परामर्श फर्मों और एजेंट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच एजेंसी ने सात शहरों में 10 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तलाशी की। यह कार्रवाई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, चंडीगढ़, तिरुवनंतपुरम, अंबाला और मदुरई में की गई है। पूछताछ के बाद कई लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके साथ ही एजेंसी ने 50 लाख रुपए सहित कई दस्तावेज, लैपटाप, मोबाइल, डेस्कटाप आदि इलेक्ट्रानिक रिकार्ड भी जब्त किए। जानकारी के लिए बता दें कि आकर्षक नौकरियों देने की आड़ में यह लोग बेरोजगार युवकों को झांसा देकर रूस–यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में भेजते थे। इस आरोप में सीबीआई ने कई वीजा कंसल्टेंसी फर्मों और एजेंट्स के खिलाफ मामला दर्ज किया।

बता दें कि एजेंसी की जांच में अब तक 35 ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें भारतीयों को अच्छी नौकरियों का झांसा देकर विदेश भेजा गया है। इसके साथ अब तक दो ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जहां रूस की सेना की ओर से लड़ते हुए भारतीयों की मौत हो गई है। उन दोनों को भी नौकरी का झांसा देकर ही रूस ले जाया गया था। नौकरी का झांसे देकर इन लोगों को विदेश लेजाने के बाद जबरदस्ती यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया जाता था। हालांकि अब तक विदेश भेजे गए युवकों में से कितनों को जंग में लड़ने को तैनात किया गया है, इसका आंकड़ा साफ नहीं हो पाया है। यह एजेंट्स न सिर्फ युवकों को झांसा देकर विदेश लेकर जाते थे, बल्कि उनसे पैसे भी लेते थे। ऐसी मानव तस्करी को रोकने के लिए सरकार के साथ–साथ समाज को भी चेतना होगा। सबसे पहले देश के नौजवानों और उनके माता–पिताओं को सावधान रहना होगा। सोशल मीडिया यू–ट्यूब, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर या किसी भी प्लेटफॉर्म पर कोई नौकरी का ऑफर देता है, स्टूडेंट वीजा पर विदेश भेजकर वहां हर महीने लाखों रूपए कमाने का लालच देता है, तो बिल्कुल भरोसा मत कीजिए, वरना पैसा भी जाएगा और जान जाने की नौबत भी आ सकती है क्योंकि इसी तरह के वीडियो के चक्कर में फंस कर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे कई राज्यों के लड़के रूस पहुंच गए।

सनद रहे कि ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स और वीज़ा दिलाने के नाम पर लोगों को फंसाने का मानव तस्करी का ये नेटवर्क बड़े सुनियोजित तरीके से काम करता है। प्राइवेट वीजा कंसल्टेंसी की अलग अलग कपनियां सोशल मीडिया पर वीडियो, और यू–ट्यूब के ज़रिए, उन युवाओं से कनेक्ट होते थे जो विदेश में नौकरी करना चाहते हैं, फिर इन नौजवानों को बताया जाता था कि विदेश में उनके लिए नौकरियों के तरह तरह के ऑप्शन हैं। जैसे डिलीवरी बॉय, हेल्पर, डेटा ऑपरेटर वग़ैरह। रूस के बारे में ये एजेंट दावा किया जाता है कि युवकों को वहां जाकर बॉर्डर पर जाकर न टैंक चलाना है, न तोप के गोले दाग़ने हैं, इन कंपनियों के एजेंट रूस में भी मौजूद हैं। वो वहां से वीडियो बनाकर दिखाते थे कि रूस में हालात बिल्कुल नॉर्मल हैं, सेना मोर्चे पर है, लेकिन सिविलियन इलाकों में लाइफ नॉर्मल है और उनको सिविलियन इलाकों में काम करना है। ये एजेंट दावा करते थे कि ये सब काम करने के लिए युवकों को तीन महीने ट्रेनिंग दी जाएगी और पहले तीन महीने तक हर महीने 40 हज़ार रूपये सैलरी भी मिलेगी। तीन महीने की ट्रेनिंग के बाद जब इन युवकों की पोस्टिंग होगी, तो उनकी सैलरी बढ़कर एक लाख रुपए प्रति महीना हो जाएगी। विदेश में बसने का सपना देख रहे पढ़े–लिखे नौजवान उनके झांसे में आ जाते थे और वो रूस जाने के लिए जैसे तैसे तीन लाख रुपए इकट्ठा करते थे लेकिन, जैसे ही ये युवक रूस पहुंचते थे, इन एजेंटों का असली खेल शुरू हो जाता था। उनसे रूसी भाषा में एक कॉन्ट्रैक्ट पर ज़बरन साइन कराया जाता था और बंदूक, राइफल चलाने की थोड़ी बहुत ट्रेनिंग देकर जंग के मोर्चे पर भेज दिया जाता था। जो लोग इसका विरोध करते थे, उनको 10 साल के लिए जेल में डालने की धमकी दी जाती थी।

इस पूरे रैकेट में सबसे ज़्यादा चर्चा 'बाबा व्लॉग्स' नाम के एक एजेंट की हो रही है। ये असल में दुबई में रहने वाले फ़ैसल अब्दुल मुतालिब ख़ान का वीडियो ब्लॉग है। सबसे ज़्यादा नौजवान इसी फ़ैसल अब्दुल मुतालिब ख़ान के वीडियो देखकर एजेंट्स के जाल में फंसे। इस बाबा व्लॉग के कई वीडियो अब भी सोशल मीडिया पर उपलब्ध हैं। ये फ़ैसल अब्दुल मुतालिब ख़ान दुबई की एक कंपनी में डायरेक्टर है। इस कंपनी का नाम बाबा व्लॉग्स ओवरसीज़ रिक्रूटमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड है। ये शख़्स रूस के अलग अलग शहरों से अपने वीडियो डालकर लोगों को यक़ीन दिलाता था कि रूस में सब कुछ नॉर्मल है, ऐसे में नौजवानों को वहां आकर नौकरी करने में कोई रिस्क नहीं है। इस ब्लॉगर ने दो दर्जन लड़कों को रूस भेजा लेकन जब रूस यूक्रेन की जंग में दो भारतीय नौजवानों की मौत की खबर आई तो हमारी सरकार और एजेंसीज एलर्ट मोड में आईं। धोखाधड़ी की ऐसी ही घटनाओं पर एक्शन लिया। सीबीआई ने इस तरह की 17प्लेसमेंट एजेंसीज़ का पता लगाया। दिल्ली, मुंबई, अंबाला चंडीगढ़, मदुरै और चेन्नै समेत 13 जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई ने 17कंपनियों और उनके मालिकों पर केस दर्ज किया। दिल्ली में ओवरसीज़ फाउंडेशन और इसके निदेशक सुयश मुकुट के ख़िलाफ़ केस दर्ज हुआ है। ओवरसीज फाउंडेशन के ठिकानों पर रेड्स भी हुई हैं। ओवरसीज़ फाउंडेशन का ऑफ़िस दिल्ली में कस्तूरबा गांधी रोड पर अंबादीप बिल्डिंग में है। इसी तरह, सीबीआई ने मुंबई की ओएसडी ब्रदर्स ट्रैवल्स ऐंड वीज़ा सर्विसेज़ और इसके निदेशक राकेश पांडेय पर केस रजिस्टर किया। इसके ठिकानों पर रेड की, हालांकि राकेश पांडेय गिरफ़्त में नहीं आया। चंडीगढ़ और अंबाला की एडवेंचर वीज़ा सर्विसेज़ और इसके डायरेक्टर मंजीत सिंह के ख़िलाफ़ भी एक्शन हुआ। सीबीआई ने दुबई की बाबा व्लॉग्स ओवरसीज़ रिक्रूटमेंट सॉल्यूशंस और इसके निदेशक फ़ैसल अब्दुल मुतालिब ख़ान उर्फ़ बाबा के ख़िलाफ़ केस दर्ज किए हैं। सीबीआई के मुताबिक़, जबरन प्राइवेट आर्मी में भर्ती करने के कम से कम 35 मामले सामने आए हैं, अब सबकी जांच की जा रही है। सीबीआई की रेड में 50 लाख नक़द और कई इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस और कुछ वीडियो भी मिले हैं। बाबा व्लॉग के झांसे में आकर रूस गए हैदराबाद के एक युवक मुहम्मद आफ़शान की जंग लड़ते हुए मौत हो गई। उसे वापस भारत लाने के लिए अफ़शान के भाई ने हैदराबाद में असदुद्दीन ओवैसी से गुहार लगाई। ओवैसी ने विदेश मंत्रालय के साथ ये मसला उठाया। पिछले हफ़्ते अफ़शान के परिवार को उसकी मौत की ख़बर मिली। अफ़शान के भाई मुहम्मद इमरान अब अपने भाई की लाश वापस लाने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

सूरत के हेमिल मांगुकिया भी अफ़शान की तरह मानव तस्करी करने वालों के चक्कर में फंसकर रूस गए थे। 21 फ़रवरी को यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में हेमिल की मौत हो गई। भारत सरकार की कोशिशों का एक असर ये हुआ है कि रूस की सरकार ने मोर्चे पर फंसे भारतीयों को बॉर्डर से हटाना शुरू कर दिया है, उन्हें सुरक्षित इलाकों में भेजा जा रहा है लेकिन मुश्किल ये है कि जो भारतीय नौजवान रूस और यूक्रेन की जंग में फंस गए हैं, उन्हें जंग के मैदान में भेजने में न तो भारत सरकार की और न ही रूसी सरकार की कोई भूमिका है। ये लोग प्राइवेट एजेंट्स के चक्कर में फंसे और उन्हें प्राइवेट रशियन सशस्त्र ग्रुप के हवाले कर दिया जिनका रूसी सेना से कोई लेना देना नहीं। ये प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टर्स हैं। इसलिए सरकार व समाज को पहले इन भारतीयों की पहले पहचान करनी पड़ेगी उनके ठिकानों का पता लगाना होगा। उसके बाद उनको सुरक्षित जगहों पर लाकर उन्हें भारत लाने की कोशिश होगी। ये काम बहुत मुश्किल है, इसलिए इसमें वक्त लगेगा। इसीलिए सरकार भी कह रही है और मैं भी अपील करूंगा कि विदेश जाने के चक्कर में प्राइवेट एजेंसियों और एजेंट्स के चक्कर में न फंसे। विदेश में बढ़िया सैलरी पर अच्छी नौकरी का कोई झांसा देता है तो उस पर यकीन न करें।

बैकग्राउंड चैक करें। जिस देश में नौकरी की बात कही जा रही है। उसके दूतावास से संपर्क करें। सारे फैक्ट्स चैक करें। फिर अपने विदेश मंत्रालय के जरिए लीगल डॉक्यूमेंट्स के साथ ही विदेश जाएं। अगर टूरिस्ट वीजा या स्टूडेंट वीजा पर नौकरी का वादा करके विदेश भेजने की बात कहता है तो उस पर बिल्कुल यकीन न करें, क्योंकि इसमें पैसा भी जाएगा और जिंदगी भी खतरे में पड़ेगी। इसलिए सावधान रहें। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो और रील्स पर कतई भरोसा न करें,वरना मुश्किल में पड़ना तय है। मैं तो सरकार से भी अपील करूंगा कि कोई ऐसा पोर्टल या एप लांच करे जिस पर जाकर नौजवान इस तरह के ऑफर को वेरीफाई कर सके और दलालों के चंगुल में फंसने से बच सकें।

**अगर टूरिस्ट वीजा या स्टूडेंट वीजा पर नौकरी का वादा करके विदेश भेजने की बात कहता है तो उस पर बिल्कुल यकीन न करें, क्योंकि इसमें पैसा भी जाएगा और जिंदगी भी खतरे में पड़ेगी। इसलिए सावधान रहें। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो और रील्स पर कतई भरोसा न करें,वरना मुश्किल में पड़ना तय है। मैं तो सरकार से भी अपील करूंगा कि कोई ऐसा पोर्टल या एप लांच करे जिस पर जाकर नौजवान इस तरह के ऑफर को वेरीफाई कर सके और दलालों के चंगुल में फंसने से बच सकें।**

## नजरिया

# भारत में सर्वोच्च सम्मान की हकदार हिन्दी

**संजीव ठाकुर**
मोबाइल : 90094 15415

देश की स्वतंत्रता के सात दशक गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है? राष्ट्रभाषा बनने के साथ–साथ इतनी समृद्धशाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग–अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो।

यह अलग बात है कि भारत देश में अलग–अलग प्रांतों में अलग–अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता, विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों, प्रोफ़ेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। इस प्रयोजन में इन पंक्तियों का लेखक भी शामिल था, कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे, और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।

14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार–प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार–प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया, तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदीवासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं।

सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी। हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी शासन ने अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया है जिनमें कक्षाओं कवि सम्मेलन नाटकों संगोष्ठी में हिंदी अनुसंधान ओ हिंदी टंकण आदि के बढ़ावा देने के साथ हिंदी पत्र–पत्रिकाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है। दूसरी तरफ कंप्यूटर, इंटरनेट, ई–बुक, विज्ञापन, टेलीविजन तथा अन्य मीडिया के साधनों के क्षेत्र में हिंदी का अधिकतम उपयोग करने की समझाइश दी गई है, ताकि इसका विकास एवं संवर्धन किया जा सके। हिंदी भाषा भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, श्रीलंका जैसे देशों में बोली वह समझी जाती है। हिंदी के विशेष प्रचार प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन अलग–अलग देशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। वैसे वैश्विक स्तर पर 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा लागू की गई है। हिंदी के प्रचार प्रसार तथा संवर्धन के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने कहा था हिंदी का प्रचार और विकास अब कोई रोक नहीं सकता है।

**सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी।**

**महत्त्वपूर्ण**
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं का योगदान अहमः स्मृति

नयी दिल्ली/दक्षिण भारत। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को यहां 'एनबीटी ऑल वुमन बाइक रैली' को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं। हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुई यह 'ऑल वुमन बाइक रैली' कनॉट प्लेस से शुरू हुई। इस 15 किलोमीटर की रैली में करीब 2,000 महिलाओं और लड़कियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्मृति ईरानी के अलावा दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री एवं कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश भी मौजूद थी। दर्शना जरदोश ने इस मौके पर खुद



स्कूटी चलाकर महिलाओं के हौसला को बढ़ाया। स्मृति ईरानी ने ट्विटर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टैग करते हुए लिखा, 'प्रधानसेवक' नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं। इसी क्रम में नवभारत टाइम्स द्वारा आयोजित 'ऑल वुमन बाइक रैली 2024' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, यह रैली नारी शक्ति के अदम्य साहस एवं शक्ति का प्रस्तुतिकरण है। सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता की भावना के साथ 'नए भारत' के निर्माण हेतु देश की प्रत्येक बेटी आज आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।

यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक उन्होंने कहा, इस रैली में महिलाएं सिर्फ शक्ति और साहस के रूप में नहीं, बल्कि संकल्प के रूप में उपस्थित हैं। उन्होंने कहा, इन सड़कों ने जीवन की आपाधापी देखी है, कई जुलूस, मार्च, आंदोलन देखे हैं, लेकिन आज मातृशक्ति के सकारात्मक आंदोलन ने इस बाइक रैली के तौर पर परचम लहराया है। दर्शना जरदोश ने कहा, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं आगे नहीं बढ़ रही हैं। रेलवे में भी महिलाएं काफी आगे हैं।

## रैली



नई दिल्ली में रविवार को जेके टायर द्वारा आयोजित ऑल-वुमेन बाइक रैली में भाग लेती महिलाएं।

# भारत में मेरे दिन बेहद शानदार रहे : क्रिस्टीना पिस्जकोवा

मुंबई/दक्षिण भारत। 'मिस वर्ल्ड 2024' का खिताब जीतने वाली चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने कहा कि भारत में बिताया गया उनका समय बेहद शानदार रहा और वह इसे हमेशा याद रखेंगी। पिस्जकोवा को शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में मिस वर्ल्ड 2024 के खिताब से नवाजा गया, जिसमें भारतीय प्रतियोगी सिनी शेट्टी शीर्ष आठ में जगह बनाने में सफल रहीं। मिस लेबनान यास्मीन जायटौन दूसरे स्थान पर रहीं। मौजूदा मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का ने अपनी उत्तराधिकारी को ताज पहनाया। इस प्रतियोगिता में पिस्जकोवा का 'ब्यूटी विद ए पर्पस' प्रोजेक्ट बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर केंद्रित था। उन्होंने कहा कि धारावी की मलिन बस्तियों में बच्चों के साथ बातचीत ने उन्हें प्रेरित किया।

क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने यहां 'पीटीआई-भाषा' से कहा, भारत में बिताया गया समय शानदार रहा। हमने कई खूबसूरत स्थानों का दौरा किया। उदाहरण के लिए, हमने (सभी प्रतियोगियों ने) 'धारावी प्रोजेक्ट' का दौरा किया, जहां हमें बहुत प्रेरणा महसूस हुई क्योंकि हम उन बच्चों के साथ बातचीत



करने में सक्षम थे जो संगीत के माध्यम से अपने सपनों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। यह अतुल्य था। मुझे जल्द ही उन्हें दोबारा देखकर खुशी होगी। पिस्जकोवा ने कहा, मैं देख सकती हूं कि यहां लोग वास्तव में अपने उद्देश्य तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। मेरा मानना है कि उद्देश्य सबसे महत्वपूर्ण चीज है। हमें अपने जीवन को जानना होगा। भारत ने छह बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है, जिसमें रीता फारिया (1966), ऐश्वर्या राय (1994), डायना हेडन (1997), युक्ता मुखी (1999), प्रियंका चोपड़ा (2000), और मानुषी छिल्लर (2017) शामिल हैं।



# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना से मन को हमेशा अद्भुत संतोष मिलता है : मोदी

वाराणसी/दक्षिण भारत। अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर यहां आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वाराणसी के भव्य-दिव्य श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना से मन को हमेशा अद्भुत संतोष मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि वाराणसी के भव्य-दिव्य श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना से मन को हमेशा अद्भुत संतोष मिलता है। बाबा विश्वनाथ से आज यहां देशभर के अपने परिवारजनों के सुख-सौभाग्य और आरोग्य की कामना की। हर हर महादेव! मोदी ने इसी पोस्ट में एक वीडियो भी साझा किया जिसमें वह शनिवार को वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि विधान से रुद्राभिषेक करते नजर आ रहे हैं।

वाराणसी संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का उम्मीदवार बनाये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार शनिवार की शाम काशी पहुंचे और अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो किया। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की। यहां बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर पहुंचने पर शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के कई प्रमुख नेताओं ने उनका स्वागत किया। मोदी बाबतपुर हवाई अड्डे से सड़क मार्ग से करीब 28 किलोमीटर का रोड शो करते हुए सीधे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और दर्शन पूजन किया। प्रधानमंत्री जब करीब 28 किलोमीटर लंबे रोड शो के लिए हवाई अड्डे से बाहर निकले, तो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ काशी की जनता सड़कों पर दोनों ओर कतार में खड़ी थी। मोदी रविवार को आजमगढ़ जिले के मंदूरी जाएंगे जहां वह विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# स्कूलों में मध्याह्न भोजन में सुधार के वास्ते सोलापुर में स्कूल की रसोई घरों का कायाकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुणे। स्कूलों में मध्याह्न भोजन में पोषण मानकों को बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने कि भोजन साफ-सफाई से पकाया जाए, महाराष्ट्र के सोलापुर में जिला परिषद ने स्कूलों की रसोई में आमूलचूल परिवर्तन की शुरुआत की है और इसके लिए 2.5 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला परिषद की 'अमृत रसोई' पहल यह सुनिश्चित करेगी कि स्कूल की रसोई आवश्यक उपकरणों से लैस हो उसमें डाइनिंग टेबल, वॉटर प्यूरीफायर, गैस सिलेंडर, बर्तन और अन्य सामान हों।

करमाला के प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मनोज राउत ने कहा कि जिला परिषद के अंतर्गत आने वाले कुल 1500 स्कूल को इस पहल के दायरे में लाया जाएगा करमाला तहसील के 30 से 40 स्कूलों में प्रायोगिक तौर पर इसे लागू किया जा चुका है। सोलापुर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनीषा अवहले ने स्कूलों के निरीक्षण के दौरान पाया कि रसोइयों की हालत खराब हैं और जिन परिस्थितियों में वहां खाना बनाया जा रहा है वह मानक के अनुरूप नहीं है इसके बाद उन्होंने यह पहल की। जिला परिषद ने हाल ही में 'अमृत रसोई' परियोजना के लिए 2.5 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। अवहले ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया मैंने पाया कि रसोई में



आवश्यक बर्तनों, फ्रिज, मिक्सर ग्राइंडर और जल शोधक जैसे बुनियादी उपकरणों की कमी थी। अवहले ने अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकों के दौरान स्कूल की रसोई तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पंचायत समिति स्तर के अधिकारियों से रसोईघरों में सुधार को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। इस योजना में रसोई क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया जाएगा। खड़की गांव के प्राथमिक विद्यालय में स्कूल की रसोई को नया रूप दिया गया है। वहां के प्रधानाध्यापक विलास सिराल ने कहा कि पहले फ्रिज के बिना सब्जियों और अंडों को लंबे समय तक रखना चुनौती पूर्ण था। उन्होंने कहा, राउत सर और जिला परिषद का आभार।



# ओटीटी प्लेटफार्म पर 14 को स्ट्रीम होगी 'मैं अटल हूं'

मुंबई/एजेन्सी

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक फिल्म 'मैं अटल हूं' इस साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। पंकज त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। उनके अभिनय को क्रिटिक्स ने सराहा था। अब करीब दो महीने बाद यह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। अगर सिनेमाघरों में फिल्म को देखने से चूक गए तो घर बैठे एंजॉय कर सकते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने एक पोस्ट शेयर कर तारीख की घोषणा की है। 'मैं अटल हूं' के डिजिटल राइट्स जी5 के पास हैं। जी5 ने एक पोस्ट कर बताया कि 14 मार्च 2024 को इसे उनके प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। कैप्शन में लिखा है, 'शुरू करो तैयारी, आ रहे हैं अटल बिहारी। मैं अटल हूं का प्रीमियर 14 मार्च को केवल जी5 पर।' फिल्म अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और राजनीतिक यात्रा को दिखाती है। वह न केवल एक प्रधानमंत्री के रूप में बल्कि एक कवि और राजनेता के रूप में भी प्रसिद्ध थे। मुख्य भूमिका में पंकज त्रिपाठी, पीयूष मिश्रा, दया शंकर पांडे, राजा सेवक, एकता कौल और कई अन्य कलाकार शामिल हैं। रवि जाधव ने फिल्म को डायरेक्ट किया है। इसे रवि जाधव और ऋषि विरमानी ने मिलकर लिखा है। सिनेमाघरों में फिल्म 19 जनवरी 2024 को रिलीज हुई थी। अब जल्द ही दरअसल इसे ओटीटी पर देख पाएंगे। फिल्म में अपने रोल के लिए पंकज त्रिपाठी ने कहा था, 'यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है कि उनके जैसे राजनेता को स्क्रीन पर निभाने का मौका मिला। वह केवल एक नेता नहीं थे बल्कि उससे ज्यादा कहीं थे। वह एक बेहतरीन लेखकर और जाने-माने कवि थे। उनके किरदार को पर्दे पर मेरे जैसे एक्टर के लिए निभाना एक प्रीविलेज है।'



# 'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' की भूमिका निभाएंगे प्रभास

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में भैरव का किरदार निभाते नजर आयेंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की अहम भूमिका है। 'कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का का नाम 'भैरव' बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन की तरफ निहारते देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है।यह फिल्म 09 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## शुभारंभ



हैदराबाद में रविवार को होटल ताज डेक्कन में ज़री जयपुर प्रदर्शनी पॉप सेल का शुभारंभ करने वाली मॉडलों के साथ उर्मिला चौहान।

# तलाक को लेकर खुलकर बोली मलाइका, हरेक का अलग नजरिया

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस व मॉडल मलाइका अरोड़ा ने शादी के 19 साल बाद एक्टर अरबाज खान से तलाक ले लिया था। मलाइका फिलहाल अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में मलाइका ने शादी और तलाक के बारे में खुलकर बात की। मलाइका ने अपनी शादी के बारे में कहा कि भले ही अपने परिवार से मुझे किसी तरह के दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। मगर, ऐसा नहीं है कि मैं ऐसे बैकग्राउंड में बड़ी हुई हूं कि मेरे परिवार वाले मुझसे कहें कि तुम्हें इस उम्र में शादी करनी होगी।

मुझे अपना जीवन जीने और अच्छे लोगों से दोस्ती करने को कहा गया। मुझे नहीं पता कि मेरे दिमाग में क्या आया। मैंने कहा कि 22-23 साल तक मैं शादी करना चाहती हूं। किसी ने मुझ पर कोई दबाव नहीं डाला था, लेकिन मुझे अभी यही करने की जरूरत थी, क्योंकि उस समय मेरे पास यही सबसे अच्छा विकल्प था। शादी के कई साल बाद मुझे ये एहसास हुआ कि यह वह नहीं है, जो मैं चाहती थीं। जब मैंने तलाक लेने का फैसला किया, तो मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में बहुत सारी महिलाएं ऐसी थीं, जो तलाक लेकर आगे बढ़ रही थीं। मुझे लगा मेरे लिए, मेरे करिअर के लिए, मेरी पसंद के लिए और अगर मुझे अपने बच्चे को खुश रखना है, तो मुझे अंदर से ठीक महसूस करना होगा। तलाक को हर कोई एक अलग नजरिये से देखता है। अरबाज से तलाक के बाद किसी वेबसाइट ने मेरे कपड़ों के बारे में एक लेख लिखा कि यह कितना महंगा है। साथ ही मैं तो इसे पहन ही सकती हूं, क्योंकि मुझे बहुत सारी एलिमनी जो मिली है। मैं ये पढ़कर हैरान थीं। आपने करिअर में जीवन में चाहे जो कुछ भी किया हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बता दें कि मलाइका और अरबाज की शादी साल 1998 में हुई थी। वे साल 2017 में अलग हो गए। उनके 21 साल के बेटे अरहान हैं।



# फिल्म 'एल2: एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2: एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गयी है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म 'एल22: एमपुराण'अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, 'एल2: एमपुराण' ने हाल ही में न्यूयॉर्क में अपना तीसरा शेड्यूल पूरा किया है।


इसकी सूचना सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी एक तस्वीर साझा करते हुये लिखा,शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि 'एल2: एमपुराण' की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

# फिल्म 'रुसलान' का पोस्टर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म 'रुसलान' का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह वर्ष 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम: द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आयेंगे।

आयुष शर्मा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म 'रुसलान' का नया पोस्टर रिलीज किया है।पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ



नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

भगवान महावीर ने पुस्तक की सुरक्षा के लिए कवर की, शरीर की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य की नितान्त आवश्यकता बताई, वैसे ही जीवन की सुरक्षा व इहलोक एवं परलोक की सुरक्षा के लिए धर्म की आवश्यकता है। धर्म के क्षेत्र में छलावा या प्रदर्शन न हो। छल कपट, प्रपंच न हो। आत्मशुद्धि का साधन ही धर्म है।



# किसी से कम नहीं हैं महिलाएं, नाटिका का हुआ मंचन

**मदुरै/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** यहां तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में स्थानीय सिग्नेचर विला अपार्टमेंट में नारी सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। नुक्कड़ नाटक में महिलाओं के विविध भूमिकाओं को दर्शाया गया। जिसमें पहली ट्रेन ड्राइवर सुरेखा यादव से राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मु तक शामिल थीं। भौतिक भी नहीं आध्यात्मि क्षेत्र में भी महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं। घरेलु कामों के की जिम्मेदारी निभाते हुए भी शीर्ष पदों पर भी महिलाएं काबिज हैं।

मंडल की अध्यक्ष लता कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाली सदस्यों की प्रशंसा की।

यह जानकारी सुनीता कोठारी ने दी।



# साध्वी डॉ. सुप्रभाजी के दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शसुन जैन कॉलेज में जैनविद्या विभाग के शोध प्रमुख साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने रविवार को साहुकारपेट में विराजित साध्वी डॉ. सुप्रभाजी के दर्शन किये और साहित्य व समाज विषयों पर चर्चा की। दोनों ने अपने गृहनगर उदयपुर की यादें साझा कीं। साध्वी ने बताया कि उदयपुर में जब आचार्य गणेशीलालजी महाराज का स्वर्गवास हुआ तो वे श्रीफल लेकर उनकी अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुई थीं। आचार्य नानालालजी का जब राजमहल में आचार्य पद पछेवड़ी महोत्सव हुआ तो उसमें भी उन्होंने भाग लिया था।

डॉ. धींग के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि उनके परिवार से अनेक सदस्य दीक्षित हुए और उन्होंने बचपन से ही साध्वी बनने की ठान ली थी।

डॉ. सुप्रभाजी ने डॉ. धींग की विशिष्ट साहित्य-साधना पर बहुत प्रमोद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनकी गुरुणी साध्वी उमरावकुंवरजी 'अर्चना' ने उनको सीख दी कि कभी भी पुस्तक और गुरु आज्ञा को नहीं छोड़ना। गुरुणी की सन्निधि में उन्होंने संस्कृत, प्राकृत, आगम आदि अनेक विषय पढ़े। वे हर परीक्षा में अव्वल रहीं और पीएच.डी. की। डॉ. धींग ने कहा कि श्रमण संघ के प्रथम युवाचार्य मधुकरमुनिजी के संयोजन संपादन में प्रकाशित आगम बत्तीसी शोधार्थियों और स्वाध्यायियों सहित सबके लिए बहुत उपयोगी है। आगम प्रकाशन में चेन्नई वासियों का बहुत योगदान है। प्रणत धींग ने चलो साथियों जैन 'उपाश्रय' कविता सुनाई। इस अवसर पर कांता चोरड़िया, चंपालाल बोथरा, सीमा धींग आदि अनेक श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति रही।



# 'अभिव्यक्ति' द्वारा महिला दिवस पर रंगारंग आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेलम। यहां 9 मार्च को शाम में आर एस एस के माधवम भवन में अभिव्यक्ति संस्था द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हिन्दीभाषी महिलाओं की सशक्त संस्था अभिव्यक्ति पिछले आठ साल से सक्रियतापूर्वक महिलाओं के महत्वपूर्ण पर्व त्योहार आदि भव्य रूप से मनाते आ रहे हैं। संस्थापक सदस्य कंचन सेठिया ने अपने वक्तव्य में बहनों को अपनी मूल संस्कृति को संजोए रखने के साथ साथ स्वयं का चहुंमुखी विकास करने की प्रेरणा दी ।

अध्यक्ष अर्चना सिंघानिया ने विशेष महिला दिवस पर आयोजित और साथ ही होली का तड़का लगा रही इस सुनहरी शाम उडान का उल्लास, होली का परिहास में सभी सदस्यों का स्वागत किया। आयोजन को खास बनाते हुए संस्था ने कार्यक्रम में शरीक साठ वर्ष अथवा पार की महिलाओं का सम्मान किया गया।

आरती राठौड़ ने बताया कि अभिव्यक्ति हरेक सदस्य को अपना हूनर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है और विगत वर्षों में इस मंच से मिले प्रोत्साहन की वजह से अनेक बहनों का व्यक्तित्व तथा पेशागत विकास हुआ है।

शाम को खास बनाने के लिए अभिव्यक्ति के सदस्यों ने विभिन्न सुंदर प्रस्तुतियों के माध्यम से वर्तमान की समस्याओं, जैसे भ्रूण हत्या आदि का मंचन किया। साथ ही कुछ महिलाओं ने अपने बेहतरीन नृत्यकला, मधुर गायिकी और कविता वाचन का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। विशेष राजस्थानी लोकगीत और बालीवुड के प्रचलित गीतों पर नाचती सदस्यों ने आने वाले त्योहार होली का गर्मजोशी से स्वागत किया। कुछेक रोचक खेल प्रतियोगिताओं से भी मंच संचालकों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सचिव निधि खटोर ने कार्यक्रम के आयोजन और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तो अंजु मालपानी और ममता दामानी ने मंच पर अपनी दमदार जुगलबंदी से अंत तक समा बांध कर रखी।

शर्मिला सिंघवी ने उत्तम तकनीक से कार्यक्रम का अव्वल डिजिटल प्रचार-प्रसार किया और छायांकन का दायित्व संगीता फुलफगर ने निभाया।

# राजाजीनगर तेरापंथ भवन में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी सशक्तिकरण का आयोजन तेरापंथ भवन में किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता कोठारी ने सभी का स्वागत किया और करते हुए कहा कि नारी शक्ति समाज की आत्मा है उसका सम्मान और सशक्तिकरण ही समाज के विकास और प्रगति का आधार बन सकता है। उसके पश्चात नारी को आंतरिक शांति और स्थिरता के लिए प्रेक्षाध्यान प्रशिक्षिका रेणु कोठारी ने प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर नई और पुरानी पीढ़ी के विचार जानने के लिए वूमेन एंपावरमेंट पर एक टॉक शो रखा गया ।टॉक शो का संचालन सुमन वेदमूथा ने किया।

महिला दिवस के उपलक्ष्य में नेफेल स्कूल की शिक्षक निर्मला जैन को प्रेरणा सम्मान दिया गया। निर्मला जैन ने कहा कि नारी वो शक्ति है जो पूरी दुनिया बदलने का दम रखती है। कार्यक्रम में महिला सदस्याओं द्वारा नुक्कड़ नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन मंत्री लता नवलखा ने किया। कार्यक्रम की सहसंयोजिका सरिता हीरावत ने प्रेरणा सम्मान पत्र का वाचन किया। संयोजिका सरिता संचेती ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में कन्या मंडल का विशेष सहयोग रहा।



# एससी अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां एस सी अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित सभी कृत्रिम अंग यंत्रों को तमिलनाडु मारवाड़ी सम्मेलन ने डी जी वैष्णव कालेज के सहयोग से 10 मार्च को कॉलेज के प्रांगण में दिव्यांगों को वितरित किया। सामाजिक संस्था तमिलनाडु मारवाड़ी सम्मेलन की चेन्नई इकाई ने आयोजन की मेजबानी की।

डी. जी. वैष्णव कालेज ने स्थान के साथ सभी दिव्यांगों को फ्री नाश्ता एवम् दोपहर का भोजन दिया। कॉलेज की एनएसएस विग ने वॉलिंटियर सेवाएं प्रदान कीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश मालपानी थे। स्वागत भाषण विजय गोयल ने दिया। संचालन अजय नाहर ने किया। शहर की बहुत सी प्रमुख हस्तियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और तीनों सस्थाओं द्वारा किए सामाजिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सभी 42 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग एससी अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा नि: शुल्क प्रदान कराए गए।

उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक संजीव अग्रवाल ने प्रदान की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**प्रार्थना**

भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़ने और उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराने की पहल कार्यक्रम के तहत रविवार को बेंगलूरु के अलसूर में गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में दर्शन और प्रार्थना की। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जसबीर सिंह ढोडी और अन्य सदस्य मौजूद थे।

## विहार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर। यहां साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी म. सा. के शिष्या साध्वीश्री प्रिय सोम्यांजनाश्रीजी म. सा. एवं साध्वीश्री ज्ञानांजनाश्रीजी म. सा. रविवार को रॉबर्टसन रोड स्थित जिनदत्तसूरी दादावाड़ी से विहार कर आरएसपुरम् के खरतरगच्छ संघ पहुंचे। विहार सेवा में खरतरगच्छ संघ के सचिव श्यामसुन्दर लूनिया, प्रदेश युवक परिषद दीपक नाहटा, कोयम्बटूर युवक परिषद अध्यक्ष प्रकाश बोथरा, उपाध्यक्ष पूनम झाबक आदि उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**रक्तदान शिविर**

मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स ने नारायण हृदयालय ब्लड बैंक के सहयोग से सरजापुर रोड स्थित एक अपार्टमेंट में रक्त शिविर का आयोजन किया, जिसमें कुल 31 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। अध्यक्ष संदीप चानानी, कार्यक्रम संयोजक अर्चित बजाज ने सभी रक्तदानदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस कार्यक्रम में गोरांग गुप्ता, नितिन गोयल, शशि बंसल और वतन बंसल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# दादा गुरुदेव की पुण्यतिथि पर अनुष्ठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के आरएसपुरम् स्थित खरतरगच्छ भवन में दादा गुरुदेव श्री जिनकुशलसूरी की 691वीं पुण्यतिथि के अवसर पर साध्वीश्री प्रिय सौम्यांजनाश्रीजी एवं साध्वी ज्ञानांजनाश्रीजी म. सा. की निश्रा में दादा गुरुदेव का पूजन किया गया। कार्यक्रम में विधि पूर्वक भजनों के साथ खरतरगच्छ महिला परिषद के सदस्यों ने पूजन किया। कार्यक्रम में साध्वीश्री ने दादा गुरुदेव जिनकुशल सूरी के जीवन पर प्रकाश डाला। संघ के सचिव श्यामसुन्दर लुनिया ने सभी का स्वागत किया।

संचालन परिषद के अध्यक्ष दीपक नाहटा ने किया। इस मौके पर समाज के अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## संत दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ईरोड़। श्रमण संघीय आचार्य सम्राट ध्यान योगी 1008 डॉ शिवमुनिजी म. सा. की आज्ञानुवर्तिनी गुरुमाताश्री यशकंवरजी की शिष्या, साध्वीश्री सुधाकंवर जी म. सा. के ईरोड़ आगमन के अवसर पर इरोड वासी धर्म ध्यान का लाभ ले रहें हैं। रविवार को कोयंबतूर से भक्तों का एक शिष्टमंडल ईरोड पहुंचा। कोयंबतूर से महावीर चंद बोहरा,विजयराज लोढ़ा, नेमीचंद लोढ़ा, ज्ञानचंद खारीवाल, प्रसन कटारिया, संजय श्रीश्रीमाल, मनोज चोरड़िया, विकास सुराणा सहित वर्धमान जैन सेवा संघ(कोयंबतूर)के संस्थापक राजेश कुमार गादिया सहित अनेक जनों ने सती वृंद के प्रवचन श्रवण व दर्शन लाभ लिया।

# सूर्यमंदिर में संतश्री माधवदास के निर्वाण दिवस पर हुआ अन्नदान, वस्त्रदान व सुन्दरकांड पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज के जेपी नगर में नवनिर्मित भगवान सूर्यनारायण मंदिर परिसर में रविवार को ब्रह्मलीन संत माधवदास महाराज के ग्यारहवें निर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके पर पर समाज के मुख्य कार्यवाहक सुनील शर्मा द्वारा संत के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर यज्ञ एवं पूजा-अर्चना के साथ संत को पुष्पांजलि दी गयी। निर्वाण दिवस के मौके सुनील शर्मा द्वारा जरूरतमंद लोगों को वृहद स्तर पर सार्वजनिक अन्नदान तथा वस्त्रदान किया गया। समाज के माध्यम महिला मंडल के चंद्रा शर्मा एवं संतोष शर्मा द्वारा दर्जनों महिलाओं के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। संत के जीवन चरित्र पर आधारित एक नवीन वीडियो भजन का सुनील शर्मा द्वारा पहली बार प्रसारण कर लोकार्पण किया। इस मौके सत्यनारायण शर्मा, भंवरलाल शर्मा, महेन्द्र शर्मा, सुरेश शर्मा, अशोक शर्मा, घनश्याम शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.